आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 225, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार



हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई 14
काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज 13

Wishing you continued success as you celebrate this special day.
HAPPY FOUNDATION DAY

ALLIANCE
MANCHESTER

जहाँ शत प्रतिशत सुकून
सिर्फ एक सपना नहीं, हकीकत है

RERA No. : UKREP06210000381
25 saalon ka bharosa, 10+ projects
BOOKING OPEN

Enclosed Boundary Wall
Eco friendly drainage system
3.75 kms road network

5 MIN from the city's major medical facilities
10 MIN from renowned educational institutions
15 MIN from key locations like the Railway Station & Airport

Home Loans Available
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
HDFC BANK
To know more, visit us
opposite Radhasoami Satsang, Rudrapur
9068800279
9058800279

अमृत विचार (हल्द्वानी संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

BANSAL CLASSES SINCE 1981 ★★★ YEARS OF EXCELLENCE

BANSAL CLASSES
PRIVATE LIMITED
RUDRAPUR STUDY CENTRE
Creating Lasting Footprints Through Visionary Leadership



With The Blessing of
V.K. BANSAL SIR
(Founder, Bansal Classes)

5 TIMES AIR-1
6 TIMES AIR-2
6 TIMES AIR-3
300+ Students in Top 100 AI
39 Students in Top 10 AIR

REGISTRATION ARE OPEN
LIMITED SEATS
Transport Facility Available
Hostel Facility Available

COURSES OFFERED
JEE (Main + Advanced)
JEE (Main)
NEET
NEEV
A Pre-Foundation Program for Class 5th to 10th

7820042437 | 9259543982
Ist floor, Shri Guru Angad Dev Complex, Nainital Road, Rudrapur

### सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण, पत्रकारों से भी की बातचीत

# पत्रकारों की सभी समस्याओं का होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी में पत्रकारों के साथ वार्ता करते सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सोमवार को हल्द्वानी मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानीं और समाधान का आश्वासन दिया।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि सरकार पत्रकारों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकार कल्याण कोष की राशि 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई है। समाचार प्रतिनिधियों की मान्यता का कोटा बढ़ाने के लिए तहसील स्तर पर मान्यता दी जा रही है। वहीं, मीडिया सेंटर के भवन निर्माण पर उन्होंने कहा कि जो भूमि चिन्हित हुई है, उसका रकबा (1000-1200 वर्ग फिट) काफी कम है इसलिए जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रशासन से समन्वय बनाकर अधिक भूमि चयनित करें तो मीडिया सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपर, संयुक्त निदेशक भी दौरा करेंगे। इसके लिए एक ऑफिस बनाया जा रहा है। वह भी स्वयं माह में कम से कम एक बार कुमाऊं दौरे पर जरूर आएंगे। तिवारी ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म व सोशल मीडिया के लिए पॉलिसी बनाई जा रही है, इसका ड्राफ्ट अगले 10 दिनों में पब्लिक के बीच में लाया जाएगा ताकि किसी के भी सुझाव और आपत्तियां मिलेंगी तो उनको भी शामिल किया जाएगा। पत्रकारों की समस्याओं को लेकर कहा कि जो भी समस्याएं होंगी उनका प्रमुखता से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारों ने पेंशन के लिए अवधि को 15 से घटाकर 10 वर्ष करने, अखबार बदलने पर मान्यता रद नहीं होने जैसी विभिन्न मुद्दे उठाए। इस पर उन्होंने कहा कि यह नीतिगत मामला है, इस पर विचार विमर्श होगा। वहीं, पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की। जिस पर सूचना महानिदेशक ने जिला सूचना अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी ज्योति सुंदरियाल, पत्रकार गिरीश जोशी, गीतेश त्रिपाठी, चंद्रेश पांडे, भगवान सिंह गंगोला, शैलेंद्र नेगी, योगेश शर्मा, हर्ष रावत, मनोज आर्य, दिनेश पांडे, संजय प्रसाद, विनोद कांडपाल, तारा जोशी, श्रुति तिवारी, डॉ. जेडए वारसी रहे।

# रामनगर ने जीती बास्केटबॉल ट्रॉफी

- फाइनल में रामनगर ने नैनीताल की टीम को दी शिकस्त
- अनुसूचित जाति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, नैनीताल



रामनगर की विजेता बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नैनीताल में जिला खेल विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय अनुसूचित जाति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नैनीताल जिले भर से 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत ने किया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर की 6 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के तहत नैनीताल और हल्द्वानी के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें नैनीताल ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मुकाबला रामनगर और हल्द्वानी के मध्य खेला गया। जिसमें रामनगर की टीम ने जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला नैनीताल और रामनगर के बीच खेला गया। जिसमें रामनगर की टीम ने नैनीताल को 43-47 के अंतर से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला के दौरान समाजसेवी मोहित आर्य मुख्य अतिथि, विशाल वर्मा और हरीश राणा विशिष्ट अतिथि रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन भगवत मेर ने किया।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय में शिक्षकों की शीघ्र तैनाती की मांग

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के कैड़ा गांव स्थित हाईस्कूल में शिक्षक नहीं होने से अभिभावकों को बच्चों की चिंता सताने लगी है। पूर्व ग्राम प्रधान कूकना मदन नौलिया के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल विकास भवन पहुंचा और शिक्षकों की शीघ्र तैनाती की मांग को लेकर सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। तीन विषयों की कक्षाएं नहीं लग रही हैं। कहा कि वह समस्या को लेकर बीईओ व डीईओ से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। चेताया कि यदि एक माह के अंदर शिक्षकों की तैनाती नहीं की गई तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में एनएस बर्गली व खड़क सिंह बर्गली शामिल रहे।



भीमताल विकासखंड सभागार में जन कल्याण शिविर में मौजूद लोग।

### ग्रामीणों को दी विकास योजनाओं की जानकारी

**भीमताल :** न्याय पंचायत सांगुड़ी गांव के विकासखंड सभागार में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल की मौजूदगी में ग्रामीणों को चिकित्सा, समाज कल्याण, बाल विकास, पशुपालन, राजस्व, उद्यान, कृषि, आपूर्ति आदि विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 18 मरीजों की मधुमेह व ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। साथ ही उन्हें निशुल्क परामर्श भी दिया गया। आपूर्ति विभाग ने तीन राशन कार्डों का निस्तारण किया। समाज कल्याण विभाग ने एक दिव्यांग, एक वृद्धावस्था पेंशन और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### होटल कर्मियों ने की पर्यटक के साथ मारपीट

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहरे दिल्ली निवासी पर्यटक के साथ होटल कर्मियों ने मारपीट कर दी। पर्यटक की शिकायत पर पुलिस ने दो होटल कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार दिल्ली गंगा विहार गोकुलपुरी निवासी नीतेश कुमार सिंह अपने परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आये हुए थे। वह मल्लीताल के एक होटल में ठहरे हुए थे। सोमवार को किसी बात को लेकर उनकी होटल स्टाफ से बहस हो गई। इस दौरान होटल में कार्य करने वाले लड़कों ने उसके व उसके परिवार के साथ गाली गलौच की। साथ ही उनके साथ मारपीट भी की। जिसके बाद पर्यटक ने पुलिस 112 में पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस मारपीट करने वालों को कोतवाली ले आई। जिसके बाद पर्यटक भी कोतवाली पहुंच गए। जहां दोनों पक्ष एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते रहे। जब पर्यटक की ओर से मारपीट का वीडियो दिखाया गया तो होटल कर्मी माफी मांगने लगे। जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### मौसम में बदलाव के बाद बड़ी अस्पताल में मरीजों की भीड़

**नैनीताल :** हाल के दिनों में मौसम में अचानक हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। बीडी पांडे अस्पताल में वायरल बुखार और संक्रमण से ग्रस्त मरीजों की संख्या में तेज़ी से बढ़ोत्तरी हो रही है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को 550 ओपीडी हुई। वरिष्ठ फिजीसियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि इस मौसमी परिवर्तन के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। बदलते तापमान के चलते सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। कहा कि लोग गर्म पानी का सेवन करें।

### सुमंत के अभिनय में दिखाई देंगे मनोज भट्ट



मनोज भट्ट।

**भीमताल :** भागीरथी फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज भट्ट उर्फ प्रकाश आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में सुमन्त के अभिनय में दिखाई देंगे। नवरात्रि से शुरू होने वाली रामलीला की तालीम रामलीला मंच पर चल रही। लगभग 110 वर्षों से रामलीला का मंचन हो रहा है। इसे भव्य बनाने के लिए कमेटी के अध्यक्ष संदीप पांडेय, संरक्षक पवन साह, सामाजिक कार्यकर्ता चंदन बिष्ट, सागर बिष्ट, आशु पाठक आदि जुटे हैं।

### बिना ड्राइविंग लाइसेंस चालक चला रहे ई रिक्शा

**नैनीताल :** मुख्य पर्यटन स्थल होने के बाद भी नैनीताल में ई रिक्शा चालक बिना लाइसेंस ही ई रिक्शा चला रहे। पुलिस की चैकिंग के दौरान यह बात सामने आई। बिना लाइसेंस ई रिक्शा चलाने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है। बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर पुलिस की ओर से इन दिनों यातायात व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, अतिरिक्त सवारी बैठाने व तेज गति में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। सोमवार को भी पुकिस की ओर से तल्लीताल में यातायात व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एसआई सतीश उपाध्याय ने ई रिक्शा चालकों के सत्यापन व लाइसेंस की जांच की इस दौरान कई रिक्शा चालकों के पास लाइसेंस नहीं मिले। वहीं कई रिक्शा चालक निजी वाहन के लाइसेंस से ही ई रिक्शा चलाते मिले। जिस पर पुलिस ने संचालकों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि वह बिना लाइसेंस के किसी व्यक्ति को ई रिक्शा नहीं चलाने दें। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि बिना लाइसेंस ई रिक्शा चलाने पर आयरपाटा निवासी खड़क सिंह का चालान किया गया है।

### ईओ को ज्ञापन देकर उठाई रास्ते की मरम्मत की मांग

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र के लोगों ने सीआरएसटी से भोटिया पड़ाव जाने वाले रास्ते की खराब हालत पर दुख जताया है। क्षेत्र के लोगों ने पालिका ईओ को ज्ञापन सौंप रास्ते की मरम्मत करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने ईओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सीआरएसटी इंटर कॉलेज से भोटिया पड़ाव जाने वाला सीसी मार्ग जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसके चलते स्कूली बच्चों को आते जाते समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं लोगों के गिरने का भी भय बना हुआ है। रास्ता खराब होने के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द रास्ते की मरम्मत कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र सिंह अधिकारी, लीलाधर सुयाल, विनय चौधरी, पंकज त्रिपाठी, प्रकाश त्रिपाठी, मोहन सिंह अधिकारी, मुकेश त्रिपाठी, पंकज पांडे व रितेश सागर मौजूद थे।

# जमानत प्रार्थना पत्र पर आपत्ति पेश करे सरकार

### हाईकोर्ट ने अब्दुल मोईद व मोहम्मद जहीर की डिफॉल्ट अपील में दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद व ड्राइवर मोहम्मद जहीर की डिफॉल्ट अपील में दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस पर आपत्ति पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को अन्य जमानत याचिकाओं के साथ होगी।

सोमवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इनके खिलाफ तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं। इस पर मोईद के अधिवक्ता ने कहा कि मोईद को 420 के एक मामले में जमानत मिल चुकी है, जबकि अन्य दो मुकदमों में अभी जमानत नहीं मिली है। पुलिस ने बिना मामले की जांच किए उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 417, 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर दिया है। कई माह बीतने के बाद भी पुलिस उनका जुर्म साबित करने में नाकाम रही है, जबकि जुर्म होने के 90 दिन के भीतर पुलिस को जुर्म की जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश करना जरूरी है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक जांच रिपोर्ट पेश नहीं की है। लिहाजा उनको जमानत पर रिहा किया जाए। इस मामले में शामिल कई लोगों को पूर्व में ही जमानत मिल चुकी है।

### खनन सचिव और निदेशक को किया तलब



**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नैनीताल के तत्कालीन डीएम द्वारा खनन व्यवसाईयों का करोड़ों का जुर्माना माफ करने के मामले में खनन सचिव व निदेशक को तलब किया है। दोनों को 15 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। इस तिथि को ही अगली सुनवाई होगी। पिछली तिथि में कोर्ट ने सचिव खनन व निदेशक से राज्य के स्टोन क्रशर्स पर वर्ष 2016 से अब तक लगाए जुर्माने का भी ब्योरा मांगा है। सोमवार को सचिव बीके संत ने कोर्ट के पूर्व के आदेश पर शपथपत्र दिया। याचिकाकर्ता भुवन पोखरिया ने कहा कि जो शपथपत्र खनन सचिव ने सौंपा है, सूचना का अधिकारी में मिली सूचना से मेल नहीं खाता है। शपथपत्र में नैनीताल जिले का आंकड़ा गलत दिया गया है। शपथ पत्र के अनुसार वर्ष 2016 से अब तक जिले में अवैध भंडारण व अन्य में 23 मामले दर्ज हुए। इनमें 18 का जुर्माना माफ हुआ और 5 का कम किया गया। जबकि याचिकाकर्ता को आरटीआई में मिली सूचना के मुताबिक 2015-16 में 27, 2016-17 में 58, 2017-18 में 48 और 2018-2019 में 11 केस दर्ज हुए थे। इनमें से 90 प्रतिशत का जुर्माना शून्य और बाकी का कम कर दिया गया। जो गलत है। फिलहाल कोर्ट ने खनन सचिव व निदेशक को आगामी 15 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है।

# मस्जिद की मरम्मत के लिए अधिकारी को प्रत्यावेदन दें

- हाईकोर्ट ने रुद्रपुर की नूरी मस्जिद को लेकर जनहित याचिका सुनी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में पहाड़गंज स्थित नूरी मस्जिद की छत जीर्णशीर्ण हालत में होने के कारण नमाजियों को हो रही दिक्कतों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिए कि वह फिर से अपना प्रत्यावेदन सक्षम प्राधिकारी को दें। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया।

मामले के अनुसार पहाड़गंज रुद्रपुर निवासी अयूब अंसारी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि रम्पुरा स्थित नूरी मस्जिद की छत जीर्णशीर्ण हालत में है। बारिश का पानी सीधे मस्जिद के अंदर आ रहा है जिसकी वजह से नमाजियों को नमाज अदा करते समय कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इस संबंध में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अल्पसंख्यक आयोग देहरादून के कैंप कार्यालय हल्द्वानी को प्रत्यावेदन दिया, लेकिन उनके द्वारा उसे निस्तारित करते हुए निरस्त कर दिया। इसको आधार मानते हुए जनहित याचिका दायर करनी पड़ी। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि मस्जिद की छत की मरम्मत कराने के निर्देश प्रशासन को दिए जाएं।

# अब पुराना घोड़ा स्टैंड में लगने लगे फड़

**नैनीताल :** नैनीताल में पालिका की अनदेखी के चलते पंतपार्क व मॉलरोड के बाद अब पुराना घोड़ा स्टैण्ड में भी लोग फड़ लगाने लगे हैं। जिससे पालिका के अधिकारियों पर कई सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में पंतपार्क में अव्यवस्थित फड़ संचालन के बाद मॉलरोड में भी फड़ संचालन होने लगा है। जिससे रात आठ बजे के बाद लोगों की आवाजाही व यातायात प्रभावित हो रहा है। लेकिन न तो पुलिस इस पर कोई कार्रवाई कर रही ना पालिका अवैध फड़ हटा पा रही है। जिसके चलते अब लोग पुराना घोड़ा स्टैंड में पालिका कार्यालय के पीछे ही अवैध तरीके से फड़ लगाने लगे हैं। जिससे अन्य लोग भी अन्य स्थानों पर अवैध कब्जा करने लगे हैं। शनिवार को भी महिलाओं ने अवैध तरीके से पुराना घोड़ा स्टैंड में फड़ सजा दिए। लोगों की शिकायत पर देर शाम पालिका की ओर से फड़ हटवाए गए। पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि पालिका की टास्क फोर्स बानाई गई है। जो अवैध तरीके से लग रहे फड़ों को हटाने का काम कर रही है। घोड़ा स्टैंड से भी फड़ हटा दिए गए हैं।

# दोगांव में बाइक खाई में गिरी, दो युवक घायल

- नैनीताल से बाइक में किच्छा को जा रहे थे दो दोस्त

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल हल्द्वानी रोड में दो गांव के समीप सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद ज्योलीकोट पुलिस ने दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया। जहां उनको उपचार दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रविवार को किच्छा निवासी दीपक पाल (25) व उसक मित्र विवेक पाठक (26) घूमने के लिए नैनीताल आये हुए थे। वह शाम साढ़े पांच बजे अपनी बाइक संख्या यूके 06 एक्यू 3051 में नैनीताल से वापस किच्छा की ओर जा रहे थे। दो गांव के बाद उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। बाइक गिरने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक युवक ने पुलिस को 112 में सूचना देकर मदद मांगी। सूचना के तुरंत बाद ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों युवकों को खाई से बाहर निकाला।

### मदर हार्ट स्कूल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल :** नगर के द मदर हार्ट स्कूल में आयोजित चिकित्सा शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जरूरी सुझाव दिए गए। विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच और व्यायाम के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी यह संदेश दिया गया कि जीवन में स्वस्थ रहना जरूरी है।

# बड़ा बाजार का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो

- भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में नगर की समस्याओं पर की चर्चा

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक जिला सहसंयोजक आशीष बजाज की अध्यक्षता राज्य अतिथि गृह में संपन्न हुई। बैठक में मां नैना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि विगत 2 वर्षों से बड़ा बाजार नैनीताल का सौंदर्यीकरण कार्य लटका हुआ है। अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने बाजार में जल्द कार्य शुरू करवाने के लिए जोर दिया जाए।

जिससे व्यापारियों को काफी फायदा पहुंचेगा। साथ ही उन्होंने माल रोड में फड़-खोखा लगाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पर्यटक गाइडों का सत्यापन करने की मांग की। उन्होंने नैनीताल में पार्किंग निर्माण को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक आशीष बजाज का नगर मंडल नैनीताल की तरफ से स्वागत किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने आशीष बजाज को बधाई देते हुए उनके द्वारा नगर में 500 से अधिक सदस्य बनने पर उनका स्वागत किया। कहा कि आशीष बजाज ने पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया था उसे पूरा करने पर पार्टी को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया। उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए प्रदेश नेतृत्व ने भी शुभकामनाएं दी।


जिला सहसंयोजक आशीष बजाज ने कहा कि बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई उसके लिए व्यापारी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल जिला अधिकारी से भेंट करेगा और उन्हें व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराएगा। अध्यक्षता करते हुए आनंद बिष्ट ने कहा कि व्यापारी प्रकोष्ठ को सदस्यता का जो लक्ष्य दिया गया है उसे वह अवश्य पूरा करेगा। बैठक में अरविंद पडियार, भगवत रावत, शैलेंद्र बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, गजाल कमाल, दीप नारायण, नरेंद्र नेगी, राजीव शाह, अतुल पाल, राजकुमार गुप्ता, भानु पंत, किशोर, भुवन जोशी, निखिल बिष्ट, नवीन जोशी, राजेंद्र, नवीन, विक्रम राठौर, संतोष कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मोहित शाह ने किया।

**खगोलीय घटना** | अक्टूबर में यह पृथ्वी और सूर्य के करीब आएगा, जिससे लोग इसे बिना यंत्रों के भी देख सकेंगे

# सूर्य के नजदीक से गुजरेगा धूमकेतु सी-2023 ए3

- नैनीताल में दिखा धूमकेतु सी-2023 ए3

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** खगोलविदों और आकाश के प्रति उत्साही लोगों के लिए एक रोमांचक खबर है। धूमकेतु सी /2023 ए3 ( तसूचिनशन एटलस ) जल्द ही सूर्य के करीब से गुजरने वाला है और यह एक अद्वितीय खगोलीय घटना साबित हो रही है।

इस धूमकेतु की खोज जनवरी 2023 में तसूचिनशन ज़िज़ियांग वेधशाला, चीन और एटलस (एसतेरोइड टेरेंस्ट्रियल - इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम, हवाई) द्वारा की गई थी। इसकी कक्षा लंबी है और यह सूर्य के चारों ओर घूमता है। 2024 में, यह धूमकेतु सबसे चमकीले आकाशीय पिंडों में से एक हो सकता है, और इसकी चमक लगातार बढ़ रही है।

धूमकेतु सी/2023 ए3 के निकटतम दृष्टिकोण की उम्मीद अक्टूबर 2024 में की जा रही है। उस समय, यह पृथ्वी और सूर्य के करीब आएगा, जिससे इसे नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। यह उत्तरी गोलार्ध के आकाश में दिखाई देगा, शुरुआत में पूर्वी आकाश में और धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ेगा। धूमकेतु का सबसे अच्छा अवलोकन सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद के समय किया जा सकता है, जब आकाश पूरी तरह अंधेरा होता है। जबकि इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकता है, एक छोटी दूरबीन या टेलीस्कोप के उपयोग से इसे और भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

धूमकेतु सी/2023 ए3 के अवलोकन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है। धूमकेतुओं में बर्फ, धूल, और गैस होती है, जो सौर मंडल के शुरुआती निर्माण के समय की बची हुई सामग्री है। इससे हमें सौर मंडल के निर्माण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। इस धूमकेतु का आगमन न केवल वैज्ञानिकों के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी एक अविस्मरणीय आकाशीय नज़ारा बन सकता है। जो हमें ब्रह्मांड की विशालता और सुंदरता की याद दिलाएगा।एस्ट्रोफोटोग्राफर फोटो ग्राफ़र प्रमोद खाती ने बताया इसी धूमकेतु को 30 सितम्बर की सुबह अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया की धूमकेतु आने वाली 12 अक्टूबर को इस धूमकेतु को आखों से देखे जा सकेगा। वर्तमान में धूमकेतु को सुबह सूर्योदय से पहले पूर्व दिशा में डीएसएलआर अथवा खगोलीय दूरबीन से देखा जा सकता है। 11 अक्टूबर के बाद धूमकेतु को सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में देखा जा सकता है।

### घायल गाय का किया उपचार

**भीमताल :** रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुई गाय का सोमवार को पशु चिकित्सकों ने उपचार किया। प्रात: अमृत विचार के संवाददाता ने मामले की जानकारी सीडीओ अशोक कुमार पांडे को दी। जिस पर उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गाय का उपचार करने के निर्देश दिये। वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरए दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर गाय का उपचार किया।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

वर्ष 4, अंक 225, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 | 14

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट | 13

**उम्मीद की झप्पी...**



हरियाणा के जींद जिले के मुआना में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार राम कुमार गौतम के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक में लोगों से बातचीत के बाद बुजुर्गों को गले लगाते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● एजेंसी

## जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

# महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

**शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश**

**मुंबई, एजेंसी**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।



**राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

**गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू**

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

## एक नजर

### मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

### झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेटू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

### डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

# भगवान को तो सियासत से दूर रखें

**तिरुपति लड्डू विवाद** | **सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

**दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं**

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

**दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।



हल्द्वानी में जनाक्रोश रैली के दौरान बैरिकेड्स पर चढ़कर विरोध करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेशव अन्य।

# कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हल्द्वानी में निकाली जनाक्रोश रैली

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने राज्य में निजीकरण को बढ़ावा, महिला हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर हल्द्वानी में जनाक्रोश रैली निकाली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी को आड़े हाथों लिया।

वहीं, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने बैरिकेड लगा कर रोकने की कोशिश की तो दोनों में जमकर धक्का मुक्की हुई। बाद में उन्होंने एडीएम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार को जगदंबा नगर स्थित एमबी इंटर कॉलेज मैदान में इकट्ठा हुई।

यहां हुई जनसभा में नेता प्रतिपक्ष आर्य, प्रदेश अध्यक्ष माहरा, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने राज्य की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं दैवीय आपदा, भ्रष्टाचार, बढ़ते महिला अपराध, हावी अफसशाही और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर कॉलेज से डीएम कार्यालय की ओर कूच किया। कांग्रेसियों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चेतावनी दी कि अफसरशाही भाजपा सरकार को ले डूबेगी और वर्ष 2027 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और निकलने की कोशिश की पुलिस ने उन्हें रोक लिया। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) फिंचाराम मौके पर पहुंचे तो उन्होंने 33 सूत्रीय मांगों का राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक रणजीत रावत, ललित जोशी, हरेंद्र सिंह लाडी मौजूद रहे।

# मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**



- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया।

चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

# नई टिहरी में ततैयों के हमले से पिता और पुत्र की हुई मौत

**ब्यूरो, देहरादून**

- ग्रामीणों ने वन विभाग से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा दिलाने की मांग की

**अमृत विचार :** नई टिहरी में जंगल में गाय चराने जा रहे पिता-पुत्र पर ततैयों के झुंड ने हमला कर दिया। हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुंदरलाल (47 वर्ष) निवासी तुनेटा गांव, जौनपुर ब्लॉक सोमवार को अपने आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ जंगल में गाय चराने जा रहे थे। इस बीच ततैयों के झुंड ने हमला कर दिया। पुत्र को ततैयों से बचाने के लिए सुंदरलाल बेटे पर लेट गए और बचाने की कोशिश की लेकिन ततैयों ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। उनकी चीखपुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और ततैयों को भगाया और घायल पिता-पुत्र को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

उप जिला अस्पताल के डॉ. केएस चौहान ने बताया कि ततैयों ने दोनों पिता-पुत्र को बहुत ही बुरी ढंग से काटा था। फिलहाल पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता-पुत्र की मौत कीखबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामप्रधान गोविंद सिंह ने बताया कि परिवार में सुंदरलाल ही घर का भरण पोषण करते थे, वन विभाग को इनके परिवार को उचित मुआवजा देना चाहिए ताकि उनका भरण पोषण हो सके।

# अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

# केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

**मानहानि मामला**





- भाजपा के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर ने दायर किया मामला


## वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निष्क्रिय उपभोक्ता** | **खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड**

# यूपी : पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6 .75 लाख कार्ड

**राजीव शुक्ला, लखनऊ**




**अमृत विचार :** सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

**प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी कार्डधारक- | 3,18,28,499 |
| अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक- | 40,89,480 |
| इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन - | 6,75,753 |

**पात्र के बनाए जाएं कार्ड**

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

## किताबें वापस नहीं करने वालों की सूची पुलिस को दी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में प्रत्येक संकाय के लिए लगभग 15 लाख रुपये की किताबें खरीदी जा चुकी हैं, जबकि बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए 2.5 लाख की किताबें मंगाई गई हैं। कॉलेज में कई छात्रों ने किताबें वापस नहीं की हैं, जिनकी सूची कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को दे दी है, ताकि किताबें वापस की जा सकें। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में किताबों की संख्या 1.57 लाख है। एनईपी पाठ्यक्रम के अनुसार शासन और उच्च शिक्षा निदेशालय की अनुमति से प्रत्येक सेमेस्टर के लिए 2.5 लाख किताबें मंगाई गई हैं। वर्तमान में कॉलेज में किताबें बांटी जा रही हैं। छात्रों के अध्ययन के लिए वाचनालय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक खुला रहता है।



एलबीएस महाविद्यालय में छात्रों को जागरूक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# छात्रों ने पहचान पत्र के लिए किया पंजीकरण

संवाददाता, हल्दूचौड़

▸▸ एलबीएस महाविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड और जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल के आदेशानुसार फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन पाण्डे के निर्देशन में कैंपस एंबेसडर डॉ. मंजु जोशी, डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे और डॉ. गीता तिवारी पाण्डे द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ललित मोहन पाण्डे ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान की महत्ता, मतदाता सूची में पंजीकरण तथा अपने आसपास के लोगों को मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए जागरूक करना है। कार्यशाला में क्षेत्र की बीएलओ दीपा बिष्ट और विमला पंत ने विद्यार्थियों को फॉर्म 6, फॉर्म 7 और फॉर्म 8 की ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय के दर्जनों विद्यार्थियों के फोटो युक्त वोटर कार्ड पंजीकरण कराए गए। कार्यक्रम का संचालन युवा संसद नोडल डॉ. गीता तिवारी पाण्डे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक और कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विभागों के छात्र-छात्राएं और रोवर रेंजर उपस्थिति रहे।



रामनगर में शिविर के दौरान रक्त की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## महाविद्यालय में लगाया रक्त जांच शिविर

**रामनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रक्त समूह जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और अपने रक्त समूह की जांच करवाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। ब्लड ग्रुप की जानकारी होने का लाभ वक्त पड़ने पर आसानी से मिलता है। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस चंद्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदोला, डॉ. लोतिका अमित, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. योगेश चन्द्र, डॉ. दीपक खाती डॉ. जेपी त्यागी, गोविंद सिंह जंगपांगी, भूपेंद्र सिंह खाती, नितेश शर्मा मौजूद रहे।



कालाढूंगी में विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

# बालिका खो-खो में कालाढूंगी चैंपियन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** खेल विभाग हल्द्वानी द्वारा आदर्श राइंका मैदान में आयोजित जिला स्तरीय अनुसूचित जाति बालिका वर्ग जिला खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भीमताल को हराकर कालाढूंगी चैंपियन बना। प्रतियोगिता में जिले की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज सेविका सविता पांडे ने किया। पहले मैच में कालाढूंगी ट्रेनीज ने रामनगर को 13-4, दूसरे मैच में भीमताल ने हल्द्वानी को 12-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में कालाढूंगी ने भीमताल को एक पारी व 5 अंक से हराकर चैंपियनशिप जीती। निर्णायक राजेन्द्र नेगी, मनमोहन बसेड़ा, रजत कुमटिया, मनीष, अजय सैनी रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, राजेश बिष्ट, दिव्यांशु टम्टा, देवेश टम्टा, गोविन्द पांडे, भाष्कर, गोपाल उपाध्याय मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में महीने भर होंगे कार्यक्रम

**भीमताल :** 1 अक्टूबर को अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ अशोक पांडे ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने और शारीरिक-भावात्मक समर्थन प्रदान, शिक्षण संस्थानों में वाद विवाद, ड्राइंग, भाषण आदि जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा आनंद आश्रम वृद्ध गृह, देवलचौड़ हल्द्वानी में वृद्धावस्था पेंशन के बारे में बनाया गया वीडियो वृदाश्रम के वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा लॉन्च कराया जायगा। वृद्ध जनों को ऑनलाइन आवेदन की जानकारी के साथ अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# बिना पंजीकरण मरीजों को मिलेगा इलाज

## चार दिन से बंद है ईएसआईसी पोर्टल, अस्पतालों में बिना पंजीकरण भर्ती होंगे मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का पोर्टल बंद होने से मरीज परेशान हैं। अस्पताल में भर्ती होने के लिए मरीजों का इन पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी है। हालांकि ईएसआईसी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर का कहना है कि फिलहाल मरीजों को बिना पंजीकरण के भर्ती किया जाएगा।

हल्द्वानी के कुछ निजी अस्पताल ईएसआईसी से पंजीकृत हैं। कर्मचारियों को कर्मचारी बीमा के तहत अस्पताल में नियमों के आधार पर ईएसआईसी के तहत उपचार मिलता है, लेकिन पिछले चार दिनों से ईएसआईसी का पोर्टल बंद है। पोर्टल में कुछ तकनीकी दिक्कत आई है, जिसे खुलने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं। ईएसआईसी संबद्ध अस्पताल में मरीजों को भर्ती होने पर ईएसआईसी के पोर्टल में पंजीकृत करवाना पड़ता है, लेकिन पोर्टल बंद होने से मरीज इधर-उधर भटक रहे हैं। मरीजों के तीमारदार ईएसआईसी औषधालय हल्द्वानी में पहुंच रहे हैं। पिछले चार दिनों से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

इधर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अशोक दीवान ने बताया कि समस्या के संबंध में उच्चस्तर पर संपर्क किया गया है। उच्च स्तर से पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर सभी ईएसआईसी अस्पतालों को मरीजों को भर्ती करने और ईएसआईसी कार्ड के आधार पर उनका उपचार करने के निर्देश दिये गये हैं। पोर्टल जब खुलेगा तब बाकी की कार्रवाई की जाएगी। अनुमान है कि मंगलवार तक सभी अस्पतालों में सूचना पहुंचने के बाद समस्या का समाधान हो जाएगा।

### एसटीएच में रक्त में संक्रमण की जांच पुनः शुरू

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में रक्त में संक्रमण की जांच में उपयोग होने वाले कैमिकल की उपलब्धता हो गई है। अब रक्त में संक्रमण की जांच से संबंधित जांचें हो सकेंगे। कैमिकल नहीं होने से करीब एक माह से यह जांच बंद थी। रक्त में संक्रमण का पता लगाने के लिए पैथोलॉजी में कैमी इम्यूनोलूसिस मशीन से जांच की जाती है। इन जांचों के लिए रक्त परीक्षण के समय कैमिकल की जरूरत होती है, लेकिन कैमिकल एक माह से नहीं आ रहा था। इस वजह से मशीन बंद हो गई थी। इस वजह से अस्पताल में एनएटी यानी न्यूक्लि एसिड जांच की जा रही थी, जो उतनी विश्वसनीय नहीं मानी जाती है। इस मशीन को दो साल पहले लगाया था। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि रक्त में संक्रमण पकड़ने के लिए कैमी इम्यूनोलूसिस मशीन में कैमी डोनर से रक्त के सैंपल की जांच की जाती है। कैमिकल आने के बाद मशीन को फिर से शुरू कर दिया गया है।

### डायलिसिस यूनिट में पानी की कमी से मरीज परेशान

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में पानी की कमी से मरीजों को परेशानी हो रही है। हालांकि जल संस्थान ने टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति करा दी है। बेस अस्पताल में पानी का संकट दूर नहीं हो रहा है। जल संस्थान से भी पानी की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो पा रही है। जिस वजह से मरीज पानी के लिए परेशान हैं। पानी की कमी की वजह से डायलिसिस यूनिट में मरीजों को खासी परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रबंधन ने जल संस्थान के अधिकारियों से संपर्क किया जिसके बाद तीन टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई गई। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि अस्पताल को सूचना मिलते ही पानी की आपूर्ति करवा दी गई थी।

# गोल्ज्यू संदेश यात्रा की तैयारी शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**बैठक**

▸▸ 23 नवंबर को हल्द्वानी पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत

▸▸ यात्रा की तैयारियों को लेकर नगर निगम सभागार में हुआ बैठक का आयोजन

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रसिद्ध गोल्ज्यू संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर निगम सभागार में बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने कहा कि यात्रा की तैयारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। इसमें प्रशासन भी सहयोग करेगा।

उन्होंने संस्था के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वह नियमों के अनुसार ही तय रूट पर यात्रा निकालें। अपनी धरोहर संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा कि इस बार गोल्ज्यू संदेश यात्रा पिछली बार के मुकाबले बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है। यात्रा कुमाऊं और गढ़वाल के विभिन्न नगरों को जोड़ते हुए चम्पावत से प्रारम्भ होकर चम्पावत में ही संपन्न होगी। हल्द्वानी में 23 नवंबर को यात्रा पहुंचेगी। इस दौरान पूरे नगर में यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड के लोगों को अपनी संस्कृति व पौराणिक मान्यताओं के साथ जोड़ना है।

यात्रा के नगर संयोजक एनबी गुणवंत ने कहा कि यात्रा का नेतृत्व हल्द्वानी में क्रियाशाला समिति करेगी। बैठक में दिवाकर पांडे, गुरमीत सिंह, नगर संघ संचालक विवेक, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पंत, शांति जीना, पुष्पा धर्म सत्तू, प्रभा खनका, योगेश जोशी, गोविंद बगड़वाल, चंद्र प्रकाश तिवारी, आनंद सिंह भाकुनी मौजूद रहे।

### शहीदों की याद में लगेगी पोस्टर प्रदर्शनी

**नैनीताल :** पीपुल्स फोरम के तत्वावधान में दो अक्टूबर को तल्लीताल स्थित गांधी चौक के समक्ष मुजफ्फरनगर कांड के शहीदों को याद करते हुए पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इस दौरान उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फोरम से जुड़े प्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जोशी ने बताया कि प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक प्रदर्शन आयोजित की जाएगी। इस दौरान मातृ शक्ति पर बढ़ती हिंसा व यौन हिंसा के अपराधियों को मिल रहे राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ तथा नैनीताल में जन विरोधी विकास के मॉडल के खिलाफ भारी निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग को लेकर धरना भी दिया जाएगा।



भवाली में मन की बात सुनते शिक्षक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## शिक्षक प्रकोष्ठ ने सुनी मन की बात, चलाया सदस्यता अभियान

**भवाली, अमृत विचार :** भाजपा शिक्षक सह प्रकोष्ठ भवाली मंडल के बूथ संख्या 71 में जिला सह संयोजक हितेश साह के नेतृत्व में युवाओं ने रेडियो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 114वां संस्करण सुना। साह ने युवाओं को भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराया। प्रकोष्ठ ने सदस्यता अभियान भी चलाया। इस दौरान 132 युवाओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ली। इस मौके पर रिया आर्य, भारती सुयाल, हिमांशु भट्ट, राहुल कुमार आर्य, मयंक सिंह मौजूद रहे।
































## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी

| 33.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06.04 | सूर्यास्त 17.59 |

## एक नजर

### फिल्टर प्लांट से दो घंटे ठप रही पेयजल सप्लाई

**हल्द्वानी :** गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से सोमवार को भी कई इलाकों में पेयजल किल्लत रही। सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि देर शाम शीशमहल फिल्टर प्लांट में पानी का शोधन नहीं हुआ। जिस कारण सांय 4 बजे से 6 बजे ही पेयजल सप्लाई ठप रही। जल संस्थान की ओर से दमुवाढूंगा में एक, मुखानी में दो, हिम्मतपुर में एक, नारायण नगर में एक, बजूनिया हल्दू में एक टैंकर से पेयजल आपूर्ति कराई गई।

### जिले में कल बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर नैनीताल जनपद की सभी देशी–विदेशी मदिरा की दुकानें, क्लब–बार, होटल बार और रेस्टोरेंट बार पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। उल्लंघन करते पकड़े जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### डेंगू के दो और संदिग्ध मरीज अस्पताल में भर्ती

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में डेंगू के दो और संदिग्ध रोग भर्ती हुए हैं। इनकी एलाइजा जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही डेंगू की पुष्टि होगी। वहीं एसटीएच में डेंगू का कोई मरीज भर्ती नहीं है। जिले में अब तक डेंगू के 32 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से नौ रोगी ही जनपद के हैं। बाकी बाहरी जिलों से आये हैं। सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने बताया कि डेंगू को लेकर स्थिति नियंत्रण में है। इधर, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने सोमवार को डेंगू मरीजों के घरों में सोर्स रिडक्शन किया। आशा व नगर निगम कर्मचारियों ने वार्ड 13, 26, 45 के अलावा कमलुवागांजा, पीलीकोठी, ऊंचापुल, धान मिल आदि क्षेत्रों में फॉगिंग की।



एमबी इंटर कॉलेज मैदान से रैली निकालकर डीएम कैंप कार्यालय जाते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



डीएम कैंप कार्यालय से पहले कांग्रेसियों को बैरीकेटिंग लगाकर रोकती पुलिस व बैरीकेटिंग के ऊपर चढ़ते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कांग्रेस ने शासन-प्रशासन की नाकामियों पर दिखाया आक्रोश

## विधायक सुमित हृदयेश बोले - आईएएस अधिकारी को जिला चलाने के लिए हेड मास्टरनी की तरह बर्ताव नहीं करना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और सुनवाई नहीं करने, दैवीय आपदा पर चर्चा नहीं होने, विधानसभा सत्र के दिनों में कमी करने समेत तमाम मुद्दों को लेकर राज्य सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह से जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता हल्द्वानी एमबी इंटर कॉलेज मैदान में जुटने लगे। यहां हुई जनसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य में निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार तराई की जमीनें निजी हाथों में बेच रही है। आपदा से समूचा राज्य त्रस्त है और विधानसभा सत्र में सरकार इस गंभीर मुद्दे पर सिर्फ आधा घंटा ही चर्चा करती है। आपदा के मुद्दे पर सरकार विधानसभा में मुंह छिपाकर भागती दिख रही थी।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बद्रीनाथ और मंगलौर के उपचुनाव में मिली हार ने बता दिया है कि जुमले और खोखले दावों की सरकार के दिन पूरे होने वाले हैं।



डीएम कैंप कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे नेता प्रतिपक्ष, विधायक व कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आगामी निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा उपचुनाव में रही सही कसर भी पूरी हो जाएगी।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कामों में पक्षपात किया जा रहा है, जबकि कांग्रेस सरकार में सभी को समान समझा जाता था। उन्होंने जिला प्रशासन पर भी हमला बोलते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का मामला विशेषाधिकार के तहत सदन में उठाया जाएगा। कांग्रेस को दिमाग ठीक करना आता है, इसे करेंगे। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए हुए कहा कि आईएएस अधिकारी को एक अधिकारी की तरह जिला चलाना चाहिए न कि हेडमास्टरनी की तरह बर्ताव करना चाहिए। यह जनाक्रोश रैली साल वर्ष 2027 में सरकार परिवर्तन की नींव है।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता एमबी इंटर कॉलेज से नैनीताल रोड से तिकोनिया होते हुए डीएम कैंप कार्यालय की ओर बढ़े। इस दौरान वे शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। कैंप कार्यालय से लगभग 200 मीटर की दूरी पर पुलिस-प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर रखे थे। जब कांग्रेस ने बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा। इस पर कांग्रेसियों का पारा चढ़ गया और उनकी जमकर धक्का-मुक्की हुई। बाद में इस घेरे को तोड़ते हुए नेता प्रतिपक्ष, उप नेता प्रतिपक्ष समेत विभिन्न नेता डीएम कैंप कार्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। गुस्साए लोगों ने डीएम व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। बाद में एडीएम फिंचाराम चौहान मौके पर पहुंचे तो कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित 33 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्या, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, प्रकाश जोशी, हरीश पनेरू, सौरभ भट्ट, योगेश जोशी, सतीश नैनवाल, राहुल सोनकर, रोहित भट्ट, नीरज रैक्वाल, हेमंत बगडवाल, अल्का आर्या, मन्नू गोस्वामी, भोला दत्त भट्ट, प्रकाश पांडे, हाजी सुहैल, नरेश अग्रवाल, जगमोहन चिलवाल, मयंक भट्ट, दीप पाठक, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रताप बर्गली, तारा नेगी, गोपाल बिष्ट, उमेश कबड्वाल, नंदन दुर्गापाल, हेमंत पाठक, दया किशन कबडवाल, शोभा बिष्ट, शशि वर्मा, पुष्पा नेगी, मधु सांगुड़ी, रत्ना श्रीवास्वस्त, राधा आर्या, मुन्नी तिवारी, मुन्नी पंत, भावना शर्मा, संजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### ये उठाई मांगें

- दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति के लोगों को भूमि का मालिकाना हक दें।
- गौला नदी से भूकटाव की रोकथाम को तटबंध बनाए और प्रभावितों को मुआवजा दें।
- आईएसबीटी और अंतर्राष्ट्रीय जू के काम में तेजी लाई जाए।
- गौला पुल को फोरलेन बनाया जाए।
- ट्रैफिक जाम से निजात को रिंग रोड का निर्माण जल्द हो।
- गौला पुल व अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के सुरक्षात्मक कामों में हुए घोटालों की जांच उच्च स्तरीय पावर कमेटी से कराई जाए।
- रिहायशी क्षेत्रों से गोशालाओं को बाहर शिफ्ट किया जाए।

### भाजपा ने बताया फ्लॉप शो

"कांग्रेस बिना वजह शोर मचाकर अपनी ओर ध्यान आकृष्ट करना चाह रही है। जनता के कंधे पर बंदूक रख कर मुद्दाविहीन राजनीति करने का काम कर रही है। राज्य के आमजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति उनकी ईमानदार कार्यशैली से परिचित हैं। कांग्रेस के दिखावे भर के लिए की गई रैली का कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। **-प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल"

"कांग्रेस की रैली फ्लॉप शो रही। सशक्त भू-कानून, समान नागरिक कानून संहिता, नकल विरोधी अध्यादेश ऐसे फैसले जिनकी आमजन नहीं, बल्कि कांग्रेसी भी सराहना करते हैं। कांग्रेस के नेता माइक घुमाकर बाजार बंद की अपील कर रहे थे, जिसे व्यापारियों ने सिरे से नकार दिया। जनता ने हमेशा के लिए कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। **-डॉ. अनिल कपूर डब्बू**, चेयरमैन कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड"

### बोले कांग्रेस नेता

"राज्य की नदियां जो हजारों लोगों को रोजगार देती हैं, उन्हें निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। भाजपा सरकार एक के बाद एक सभी नदियों का सौदा कर रही है। रॉयल्टी चेकिंग का ठेका निजी हो चुका है, अब जल्द ही वन, खनन और वन निगम का काम भी ठेकेदार करेंगे। **-रणजीत रावत**, पूर्व विधायक"

"पेपर लीक प्रकरण से युवाओं का विश्वास सरकार के प्रति टूटा है। पेपर लीक प्रकरण में आरोपियों को अभी तक सजा नहीं मिली है। चार हजार से ज्यादा सरकारी भर्तियों में नियुक्तियों को रोका गया है। **-भुवन कापड़ी**, उप नेता प्रतिपक्ष"

"सरकार सिर्फ जनता को मजहब, जाति के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है। जीरो टॉलरेंस तो सिर्फ नाम का है, राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। खुद भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता इसको लेकर बयानबाजी भी करते हैं। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा देना तो दूर सिर्फ कोरी बयानबाजी हो रही है। **-गोविंद सिंह कुंजवाल**, पूर्व विस अध्यक्ष"

# पुलिस का डायवर्जन प्लान फेल जनता की जाम से भारी फजीहत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोमवार को कांग्रेस की जन आक्रोश रैली जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई। पुलिस ने जनता की सहूलियत के लिए डायवर्जन प्लान भी जारी किया, लेकिन सब धरा का धरा रह गया। आलम यह था कि लोग जिस रास्ते पर निकले, पुलिस उन्हें दूसरे रास्तों पर भेजती रही।

कांग्रेस का प्रस्तावित कार्यक्रम सुबह 9 बजे था। इसको देखते हुए पुलिस ने भी सुबह 9 बजे से रूट डायवर्जन कार्यक्रम लागू कर दिया था। हालांकि एमबी इंटर कॉलेज के मैदान से रैली दोपहर 12 बजे के बाद निकली। रैली को देखते हुए कालू सिद्ध तिराहे से कॉलेज की ओर जाने पर पाबंदी लगा दी गई। ऐसे में व्यवस्था से



कांग्रेस की रैली के दौरान तिकोनिया चौराहे के पास लगा जाम। ● अमृत विचार

अंजान लोग जिन्हें रामपुर रोड, बरेली रोड से नैनीताल रोड जाना था, उन्हें कालू सिद्ध से आगे नहीं जाने दिया गया। यहां से यातायात कालाढूंगी रोड पर डायवर्ट कर दिया गया। इससे अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहे पर वाहनों का भारी दबाव पड़ गया। दोपहिया वाहन सवार गलियों से निकलते दिखे। ऐसा ही हाल नवाबी रोड पर देखने को मिला। दोनहरिया तिराहा, पानी की टंकी तिराहा, तिकोनिया, डिग्री कॉलेज तिराहा, महारानी कट और कलावती चौराहा से कुल्यालपुरा की ओर जाने वालों के लिए रास्ता बंद था। ऐसे में लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए शहर के चक्कर काटते रहे।

# अस्थायी गौला पुल हल्के वाहनों के लिए खुला

**राहत**

- दिन में खुला और रात को बंद रहेगा अस्थायी पुल
- आज से पैदल राहगीरों के लिए खुलेगा गौला पुल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार वासियों के लिए खुशखबरी है। जिला प्रशासन ने गौला नदी पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर ह्यूम पाइप से बना अस्थायी पुल हल्के वाहनों के लिए खोल दिया है। यह पुल रात को बंद रहेगा और दिन में ही खुला रहेगा। गौला पुल पैदल राहगीरों के लिए आज से खोल दिया जाएगा।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि गौलापार के ग्रामीण गौला पुल के शुरू होने तक ह्यूम पाइप के जरिए अस्थायी पुल बनाकर वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग कर रहे थे। ताकि गौलापार,



गौला नदी में बने अस्थायी पुल से आवाजाही करते बाइक चालक। ● अमृत विचार

चोरगलिया से आने वाले हल्के वाहनों को लगभग 15 किमी दूरी तय कर काठगोदाम पुल से हल्द्वानी नहीं आना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग को देखते हुए वन विभाग की मदद से अस्थायी पुल बनाया है। गौला नदी में पानी होने की वजह से समय से पुल नहीं बन सका था। नदी में पानी कम हुआ तो पुल बना दिया गया है। इस पुल का सोमवार को सफलता पूर्वक ट्रायल कर दिया गया है। गौलापार आने जाने वाले लोग इस पुल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यह पुल इंद्रा नगर ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप से गौलानदी पार अंतर्राष्ट्रीय जू में लगी पनचक्की के समीप बागजाला प्रशिक्षण केंद्र रोड को जोड़ता है। यह पुल दिन में खुलेगा और रात को बंद रहेगा। बाकी गौला पुल पर पैदल राहगीर आज से आवाजाही कर सकेंगे। संभावना है कि एक सप्ताह में इसको भी शुरू कर दिया जाएगा।

## गौला नदी में बने टापू का मलबा हटाया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी गौला नदी की धारा अपने पुराने रास्ते पर लौट रही है। काम में जुटी सिंचाई विभाग की टीम ने नदी के बीच बने टापू का 60 प्रतिशत मलबा हटा दिया है। मंगलवार तक नदी का रास्ता नदी के बीचों-बीच बना दिया जाएगा। जिसके बाद स्टेडियम की सुरक्षा का काम शुरू कर दिया जाएगा। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने बताया कि गौला नदी के बीच लगभग एक किमी लम्बा टापू बन गया था। जिसकी वजह से नदी का बहाव किनारों को काटने लगा। नतीजतन स्टेडियम का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया। रविवार को नदी में पानी कम हुआ। जिसके बाद रैम्प बनाकर सोमवार को सिंचाई विभाग ने नदी में जेसीबी उतारी। बड़ी बात यह है कि विभाग ने केवल एक ही दिन में टापू को साफ करने का 60 प्रतिशत काम पूरा कर दिया। मुख्य अभियंता ने बताया कि यदि मौसम ठीक रहा तो मंगलवार को नदी डायवर्जन का काम पूरा कर लिया जाएगा। स्टेडियम के सुरक्षा निर्माण कार्य की विज्ञप्ति जारी कर दी गई। 95 लाख रुपये से सुरक्षा निर्माण होने हैं। 20 से 25 दिन के भीतर सुरक्षा निर्माण प्रारंभ होने की उम्मीद है।



टापू का मलबा हटाती पोकलैंड मशीन।

## पुलिस ने समझाया तो एक हुए तीन परिवार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ऐच्छिक ब्यूरो की टीम ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की अध्यक्षता में एसएसपी कार्यालय में चार परिवारों की काउंसलिंग कराई।

एसएसपी ने बताया कि महिला उत्पीड़न संबंधी प्रार्थना पत्रों की शीघ्र जांच कर समाधान के लिए निर्देशित किया गया है। इसी के तहत पुलिस बहुउद्देशीय भवन में महिला ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्य मनोचिकित्सक व काउंसर डॉ. युवराज पंत, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा बहादुर सिंह बिष्ट, शिक्षाविद डॉ. प्रभा पंत व एमबीपीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष व अधिवक्ता राम सिंह बसेड़ा के सामने महिला समाधान केंद्र प्रभारी सुनीता कुंवर ने चार प्रकरण रखे। तीन मामलों में दोनों पक्षों को भली-भांति समझा कर काउंसलिंग कर राजीनामा कराया गया। जबकि एक मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये।

**निर्देश** | विधायक बंशीधर भगत ने विभिन्न विभागों के साथ किया नहर कवरिंग का निरीक्षण

# नहर कवरिंग की खामियां जल्द दूर करें विभाग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने सोमवार को ऊंचापुल चौराहे से तीन मूर्ति मंदिर तक नहर कवरिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्योहारी सीजन शुरू होने से पूर्व युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिये।

विधायक भगत ने कहा कि ऊंचापुल चौराहे से तीनमूर्ति मंदिर कमलुवागंजा रोड तक नहर कवरिंग एवं सड़क चौड़ीकरण कार्य हो रहा है। इसमें पेयजल लाइन बिछाने, बिजली पोल शिफ्टिंग, नहर कवरिंग किया जाना है। जनता लंबे समय से काम में लापरवाही की शिकायतें कर रही थीं। इस पर लोनिवि, बिजली व जल संस्थान के साथ



सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

निरीक्षण किया गया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पनचक्की से कमलुवागंजा चौराहे तक, चौफुला से तीनमूर्ति मंदिर तक नहर कवरिंग, चौड़ीकरण की परियोजना जब से शुरू हुई है तब से वह तिमाही समीक्षा बैठक कर रहे हैं। हर बैठक में पानी की लाइन शिफ्ट नहीं हो रही, बिजली के पोल शिफ्ट नहीं हो रहे, जल संस्थान ने लाइन नहीं बिछाई, लाइन खोदने के बाद गड्ढे नहीं भरे गएबस यही बहाने चलते हैं।

उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि आगामी एक माह में काम पूरा किया जाए। सभी

- आगामी एक माह में काम पूरा करने को कहा
- ऊंचापुल चौराहे से कमलुवागांजा रोड तक हो रहा कार्य

विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि पोल एवं बिजली लाइन शिफ्टिंग, गड्ढे भरान, कनेक्शन करवा लें और निर्माण सामग्री ढंग से रखें। ये सभी काम त्योहार से पूर्व हो जाने चाहिए।

उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि अगले निरीक्षण तक ऊंचापुल से तीनमूर्ति तक नहर कवरिंग एवं चौड़ीकरण पूरा मिलना चाहिए। इस दौरान आनंद दुर्गापाल, महेश शर्मा, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, एडीबी ईई कुलदीप कुमार, सिंचाई ईई दिनेश सिंह रावत, विद्युत ईई वेगराज सिंह, जल संस्थान ईई रवि शंकर लोशाली, विद्याभूषण जोशी, हरीश पंत मौजूद रहे।

"हमारा उद्देश्य" "आपकी उन्नति"

**अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.**

(उत्तर भारत का सबसे बड़ा नगर सहकारी बैंक)
प्रधान कार्यालय – लाला बाजार अल्मोड़ा
पूर्णतया सी.बी.एस., आरटीजीएस, एनईएफटी, एटीएम एवं ई-कॉम सुविधायुक्त
Visit us: www.almoraurbanbank.com, E-mail: info@almoraurbanbank.com

**31 मार्च 2024 के आधार पर तुलन पत्र** (धनराशि करोड़ में)

| पूँजी एवं दायित्व | 31.03.2024(₹) | 31.03.2023(₹) | परिसम्पत्तियां | 31.03.2024(₹) | 31.03.2023(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. पूंजी | 35.57 | 30.39 | 1. नकद | 60.90 | 50.17 |
| 2. वैधानिक तथा अन्य सुरक्षित कोष | 622.89 | 569.87 | 2. अन्य बैंकों में जमा | 632.24 | 576.06 |
| 3. निक्षेप | 3,411.22 | 3,208.32 | 3. विनियोजन (सरकारी प्रतिभूतियों में भा.रि.बैं. के पास) | 1,643.62 | 1,654.32 |
| 4. अन्य दायित्व | 55.79 | 65.38 | 4. ऋण एवं अग्रिम | 1,736.31 | 1,532.51 |
| 5. अतिदेय आरक्षित ब्याज | 86.75 | 69.46 | 5. अतिदेय आरक्षित ब्याज | 86.75 | 69.46 |
| 6. शुद्ध लाभ | 37.39 | 30.18 | 6. अन्य परिसम्पत्तियां | 89.79 | 91.08 |
| **योग** | **4,249.61** | **3,973.60** | **योग** | **4,249.61** | **3,973.60** |
| आकस्मिक देयताएं | 14.85 | 18.31 | | | |

**आय-व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24**

| व्यय | 31.03.2024(₹) | 31.03.2023(₹) | आय | 31.03.2024(₹) | 31.03.2023(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. निक्षेप व अग्रिम पर प्रदत्त ब्याज | 166.45 | 142.20 | 1. ऋण, अग्रिम व विनियोजन से प्राप्त ब्याज | 306.15 | 277.42 |
| 2. ऑपरेटिंग एक्सपेन्सेज | 82.27 | 81.70 | 2. राजकीय प्रतिभूतियों के प्रीमियम से | - | - |
| 3. प्राविधान | 40.16 | 33.10 | 3. कमीशन/एक्सचेंज | 1.78 | 1.70 |
| 4. शुद्ध लाभ | 37.39 | 30.18 | 4. अन्य आय | 18.34 | 8.06 |
| **योग** | **326.27** | **287.18** | **योग** | **326.27** | **287.18** |

सी.आर.ए.आर.: 30.56% (आर.बी.आई. द्वारा न्यूनतम अनुमन्य : 12.00%) नैट एन.पी.ए. : शून्य

वास्ते अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

सी.ए. महेश चन्द्र जोशी, अध्यक्ष — डॉ.वसुधा पन्त, उपाध्यक्ष — सी.ए. दिनेश चन्द्र, संचालक
पी.सी. तिवारी, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी — बी.एस. मेहता, महाप्रबन्धक — धीरज पाठक, मुख्य तकनीकी अधिकारी — कमलेश भट्ट, प्रबन्धक (लेखा)

स्थान- अल्मोड़ा
दिनांक- 21.06.2024

वास्ते नवीन उपाध्याय एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट
पार्टनर नवीन उपाध्याय
M.No. 093781
UDIN: 24093781BKGWTC6213

# बिना अनुमति के पोस्टर लगाने पर होगी कार्रवाई

## सार्वजनिक संपत्ति पर बैनर-पोस्टर लगाने पर सख्त हुए नगर आयुक्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रदेश में छात्र संघ चुनाव को लेकर अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज के संभावित छात्रसंघ प्रत्याशियों ने शहर के सार्वजनिक स्थानों को अपने बैनर व पोस्टरों से पाट दिया है। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन सख्त हो गया है।

नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी को पत्र भेजकर बैनर व पोस्टर लगाने वाले छात्रसंघ के संभावित प्रत्याशियों से शपथ पत्र लेने को कहा है। साथ ही बिना अनुमति के पोस्टर लगाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। जारी पत्र में नगर आयुक्त ने कहा है कि निजी और सरकारी संपत्ति में बिना अनुमति के बैनर व पोस्टर लगाना गैर कानूनी है। प्रत्याशियों और समर्थकों के पोस्टर बैनर लगाये जाने पर उन्हें अपने खर्च पर इसे हटाना होगा। कॉलेज प्रशासन प्रत्येक संभावित प्रत्याशी से शपथ पत्र लेगा। वहीं नगर निगम से एनओसी लेनी भी लेनी होगी। एमबीपीजी कॉलेज में चुनावी पोस्टर और बैनर लगाने की मनाही है, इसके बावजूद छात्र नेता गुपचुप तरीके से बैनर और पोस्टर चिपका रहे हैं। वहीं मनाही के बाद भी छात्र नेता कॉलेज परिसर में रैली निकाल रहे हैं।


एमबीपीजी कॉलेज में विद्यार्थियों की आईडी चेक करते सचल दल की टीम।

### सचल दल ने आईकार्ड चेक कर दिया छात्रों को प्रवेश

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के दौरान बाहरी तत्वों के प्रवेश, हंगामा और मारपीट की घटनाओं को देखते हुए सचल दल का गठन किया गया था। सोमवार को कॉलेज खुलने पर सचल दल ने मुख्य गेट पर छात्र-छात्राओं के आईकार्ड चेक किये। जिसके बाद उन्हें परिसर में प्रवेश करने दिया गया। सचल दल की दो टीमों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कॉलेज की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिया।

## आईटीआई गैंग का एक आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कार से युवक को कुचलने की कोशिश करने वाले आईटीआई गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस तीन और सदस्यों की तलाश कर रही है।

वसुंधरा कॉलोनी बरेली रोड निवासी गौरव नेगी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आईटीआई गैंग के आदित्य नेगी, धीरज बिष्ट, दीपक पंचवाल, रवींद्र रावत व साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में मंडी पुलिस चौकी के एसआई श्याम सिंह बोरा व कांस्टेबल अमर सिंह ने एक आरोपी को दमकल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। 20 वर्षीय आरोपी दीपक पंचपाल पुत्र रमेश पंचपाल मूलरूप से मटकोट मुनस्यारी पिथौरागढ़ का रहने वाला है। फिलहाल वह नरीमन तिराहा काठगोदाम में रहता है। बीते शुक्रवार की रात आईटीआई गैंग के सदस्यों ने गौरव को तिकोनिया चौराहे पर घेर लिया था। वह बचने के लिए पास ही स्थित शराब की दुकान में घुसा तो उसे दुकान के भीतर पीटा। इसके बाद उसे बिना नंबर की कार से तब कुचलने की कोशिश की, जब वह भोटियापड़ाव चौकी से लौट रहा था।

# बगैर सत्यापन किरायेदार रखा तो मकान मालिक पर जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने नैनीताल जिले में एक साथ सत्यापन अभियान चलाया गया। उन मकान मालिकों को इसका भारी जुर्माना भरना पड़ा, जिन्होंने अपने किरायेदारों के सत्यापन नहीं कराये थे।

एसएसपी के निर्देश पर जिले में 800 पुलिस कर्मियों ने एक साथ सत्यापन अभियान की शुरुआत की। पुलिस ने कुल 448 लोगों के चालान काट कर 3.20 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया और 1,448 लोगों के सत्यापन किये। अभियान की शुरुआत सुबह छह बजे से की गई, जो शाम छह बजे तक जारी रहा। अभियान में लगी टीमों ने मकान मालिकों के साथ मजदूर, बाहरी व्यक्तियों, फड़-फेरी करने वालों, ठेले लगाने वालों, किरायेदारों, रिपेयरिंग शॉप, वर्कशॉप कर्मी, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा चालकों की चेकिंग के साथ सत्यापन किये। किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 330 मकान मालिक पुलिस के रडार पर आये। इन मकान मालिकों का चालान किया गया और 1,788 किरायेदारों के सत्यापन किए गये।


रामनगर में ऑटो चालकों का सत्यापन करती पुलिस। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


एमओयू के दौरान उपस्थित कुलपति और प्रोफेसर। ● अमृत विचार

### स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी व यूओयू के बीच एमओयू

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की कंप्यूटर विज्ञान विद्याशाखा और स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी मुंबई के सहयोग से विश्वविद्यालय में शिक्षकों और शोध छात्रों के लिए लेटेक्स प्रणाली पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी से आई आकांक्षा सैनी ने 21वीं सदी की शिक्षण डिजाइन, स्पोकन ट्यूटोरियल के पाठयक्रम की जानकारी दी। गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पौड़ी से आये डॉ. अनिल कुमार गौतम ने वैज्ञानिक लेखन में लेटेक्स प्रणाली को सहायक बताया। इस दौरान यूओयू और स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी, प्रो. जीतेंद्र पांडे, डॉ. बालम सिंह दफौटी, कुलसचिव खेमराज भट्ट, डॉ. आशुतोष भट्ट, डॉ. नीलिमा बुधानी, डॉ. शिल्पा गुणवंत, ललिता बिष्ट मौजूद रहे।

### रिंग रोड के विरोध में सांसद का पुतला फूंका

**हल्द्वानी :** किसान-मकान बचाओ संघर्ष समिति का रिंग रोड के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 20वें दिन भी जारी रहा। समिति ने सोमवार को धरना स्थल पर पहले सांसद अजय भट्ट का पुतला फूंका। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी का पुतला दहन किया। आंदोलनकारियों ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री ने उनकी सुध नहीं ली तो युवा उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान प्रकाश जोशी, नीरज तिवारी, बीसी पंत आदि ने ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया।


कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ इनरव्हील क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### कविता व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**रामनगर :** इनर व्हील क्लब ने स्थानीय गरिवेश्वर प्राथमिक विद्यालय में हिंदी कविता प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी व खेलों का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों ने न केवल कविता सुनाकर लोगों का दिल जीता बल्कि लेखन प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा बच्चों को पठन-लेखन सामग्री का वितरण किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। क्लब की अध्यक्ष अनुप्रीत कौर ने कहा कि स्कूली बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बनी रहे, इसके लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बराबर क्लब द्वारा किए जाएंगे। इस दौरान सचिव कविता अग्रवाल, एडिटर चारुल जिंदल, निकिता, प्रीति, मीना उपस्थित रहे।

# शिविर में स्वच्छता कर्मियों के हुई जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

- बैंक ऑफ बड़ौदा ने मुंबई में आयोजित किया शिविर
- ठोस कचरा प्रबंधन विभाग की टीम को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** 14 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) देशभर में स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगल विंडो स्वास्थ्य और कल्याण शिविर के रूप में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित कर रहा है। बैंक की ओर से सोमवार को कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में स्वच्छता कर्मियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

बॉब ने अपने कार्यालयों और शाखाओं में पौधरोपण अभियान, वॉकथॉन और स्वच्छता मित्रों के अमूल्य योगदान के सम्मान में उनके लिए स्वास्थ्य और कल्याण शिविर आयोजित किये। बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद, कार्यपालक निदेशक लाल सिंह और बीना वहीद, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरेंद्र कुमार दीक्षित ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान बैंक ने बृहन्मुंबई नगर निगम के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग की टीम को सम्मानित किया।

# शालू, खुशबू और प्रीति रहे अव्वल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** एमपी इंटर कालेज में आयोजित ब्लाक स्तरीय कला उत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कला में राइका छोई से शालू सैनी प्रथम स्थान, संगीत गायन में एमपी इंटर कॉलेज रामनगर से खुशबू पांडे, थिएटर एकल अभिनय में राइका छोई से कु.प्रीति आर्या प्रथम रहे।

नृत्य में जीपीवी इंटर कॉलेज रामनगर से कु. कुमकुम प्रथम व कहानी वाचन में कु. सौम्या भंडारी राइका छोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व कला उत्सव का शुभारंभ नोडल अधिकारी हवलदार प्रसाद खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर, संयोजक एमपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा तथा व्यवस्थापक केके फुलेरा के नेतृत्व में सुरेश चंद्र रावत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी खंड शिक्षा ने दीप प्रज्वलित कर किया। एमपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर बधाई दी तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान ब्लॉक कला समन्वयक अमरजीत सिंह चौधरी, ममता कृष्ण,दीप्ति आर्या, वंदना मेहरा, डॉ.चंद्र जोशी, प्रमिला रानी, प्रेमा तिवारी, योगराज सिंह, प्रदीप कुमार, शिव कुमार, हिमांशु चौहान, महेंद्र आर्या मौजूद रहे।


रामनगर में आयोजित कला उत्सव में विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

## तैराकी में रामनगर के छात्र छाए रहे

**रामनगर :** अंतराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में संपन्न हुई राज्य स्तरीय विद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता में रामनगर ब्लॉक के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिसमें शुभम नेगी अंडर 14 आयु वर्ग में 100 मीटर फ्री स्टाइल में तृतीय रहे। हर्षित सिंह अंडर 17 की 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम, 50 मीटर फ्री स्टाइल में तृतीय रहे। दोनों खिलाड़ी राउमावि चुकम के छात्र हैं। जबकि देव सिंह नेगी अंडर 17 में 100 मीटर फ्री स्टाइल में द्वितीय, 200 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान पर रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर हवलदार प्रसाद, मुकेश ध्यानी खेल समन्वयक रामनगर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## कॉलेज में सात दिनी कार्यशाला हुई शुरू

**रामनगर, अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम व नंदी फाउंडेशन के द्वारा-छात्राओं के लिए व्यक्तित्व विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। प्रभारी प्राचार्य, डॉ. एसएस मौर्य द्वारा औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उदघाटन किया गया।

प्रो. जेएस नेगी ने कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। सात दिवसीय कार्यशाला का संचालन डॉ. दीपक खाती ने किया। एक सप्ताह तक चलने वाली कार्यशाला को डॉ. सुभाष पोखरियाल, नवीन थपलियाल (प्रशिक्षक) द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रो. लवकुश, डॉ. ममता भदोला जोशी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. भानुप्रताप दुर्गापाल, डॉ. हेम चंद्र भट्ट, बलवंत समेत 60 प्रतिभागी उपस्थित रहे।


स्व. मटियानी की पत्नी को अस्पताल लेकर जातीं अपर निदेशक ऋचा सिंह।

### नीला मटियानी को अस्पताल में कराया भर्ती

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** साहित्य रत्न स्व. शैलेश मटियानी की पत्नी नीला मटियानी का स्वास्थ्य खराब होने पर मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर आईटीआई की अपर निदेशक ऋचा सिंह ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वह स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। नीला मटियानी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री धामी को जैसे ही पता चला तो उन्होंने बेहतर उपचार के लिए डीएम नैनीताल को निर्देश दिए। कहा कि नीला मटियानी के इलाज में प्राथमिकता दी जाय। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री धामी साहित्यकारों, कलाकारों और जरूरतमंदों की मदद कर चुके हैं। जब भी उनके सामने कोई ऐसी समस्या आती है तो वह हर कार्य छोड़कर इसको प्राथमिकता देते हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि वह प्रदेश के हर व्यक्ति के सुख दुख में साथ खड़े है। सीएम ने हर परिस्थिति में लोगों का साथ देने का आश्वासन दिया है।

## युवाओं को पक्षियों के बारे में बताया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के सीमावर्ती गांवों के वीवीपीएफ (विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स) युवाओं के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर) के सहयोग से 29 से 30 सितंबर तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

जिसका उद्घाटन हल्द्वानी वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी व नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के उप निदेशक गणेश दत्त जोशी ने किया। प्रशिक्षण में वीवीपीएफ युवाओं को उनका महत्व समझाया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ भारत के डॉ. मिराज अनवर ने विभिन्न पक्षियों के बारे में बताया। नेचर गाइड बची बिष्ट ने होम स्टे और रोजगार के साधनों के बारे में जानकारी दी। पश्चिमी वृत के बायोलोजिस्ट प्रशांत कुमार ने फोरेंसिक सैंपल की जानकारी दी।

# पुलिस भवनों में रेन हार्वेस्टिंग और सोलर सिस्टम अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सभी पुलिस आवास, थानों व चौकियों में लागू होगी योजना
- डीआईजी ने एसएसपी व एसपी को पत्र भेजकर मांगा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** पुलिस अब बिजली बचाने के साथ ही जल संरक्षण पर भी काम करेगी। इसके लिए कुमाऊं के सभी पुलिस आवासों, थानों और चौकियों में सोलर पावर प्लांट और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। आने वाले कुछ समय में इसे धरातल पर उतारने की योजना है। इसको लेकर डीआईजी ने कुमाऊं के सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को पत्र भेजा है। देश को सोलर एनर्जी बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसको लेकर बड़े स्तर पर अभियान चल रहा है और लोग लाभंवित हो सकें, इसके लिए सरकार सब्सिडी भी दे रही है। इन सबके बीच पुलिस ने एक कदम आगे बढ़ाया है। जिसके तहत कुमाऊं के सभी थानों, पुलिस चौकियों और पुलिस आवासों को बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए सभी इमारतों पर सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना है। इसके साथ ही भूगर्भीय जल को बढ़ाने का भी पुलिस प्रयास करेगी। बताया जा रहा है कि उक्त सभी इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए कहा गया है। इसको लेकर डीआईजी योगेंद्र कुमार रावत ने कुमाऊं के सभी एसएसपी व एसपी को पत्र भेजकर प्रस्ताव मांगा है। यह कदम डीजीपी अभिनव कुमार के निर्देश के बाद उठाया जा रहा है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी संस्था "कृति फाउंडेशन एंड एकेडमिक सोसाइटी" जिसका वर्तमान पता राधिका कुंज ऑफिसर्स कॉलोनी, कैनाल रोड, तिकोनिया, तहसील हल्द्वानी, जनपद-नैनीताल है। संस्था का कार्यालय का पता परिवर्तित कर 08/25, भोलानाथ गार्डन, कालाढूंगी रोड, तहसील-हल्द्वानी, जनपद- नैनीताल हो गया है। अतः किसी भी व्यक्ति को अगर किसी भी प्रकार की आपति हो तो वह उपनिबंधक, फर्म एंड सोसाइटी, हीरानगर के कार्यालय पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

कृति फाउंडेशन एंड एकेडमिक सोसाइटी

**कार्यालय अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. अल्मोड़ा**

पत्रांक : सी 2699/टैन्डर/24-25 — **द्वितीय परिवहन निविदा सूचना** — दिनांक : 30-09-2024

दुग्ध संघ अल्मोड़ा को विभिन्न कार्यों हेतु मार्गवार वित्तिय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नवत उपार्जन/विपणन / पशु चिकित्सा वाहनों की आवश्यकता है।

| क्र. | दुग्ध उपार्जन मार्ग | अनुमानित दूरी +आना जाना | वाहन का प्रकार | क्र. | दुग्ध उपार्जन मार्ग | अनुमानित दूरी +आना जाना | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिपली - आलीगैर | 30 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 16 | असों बोहाला मार्ग | 44 | यूटीलिटी/पिकप / समकक्ष |
| 2 | अल्मोड़ा-चलनीछीना | 118 | आयशर 06 टायर / समकक्ष | 17 | बागेश्वर-जगथाना मार्ग | 74 | मारूती वैन/मैक्स / यूटीलिटी/पिकप / समकक्ष |
| 3 | सुवाखान-खेती मार्ग | 35 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 18 | अन्डोली-गैराड | 20 | यूटिलीटी/पिकप/समकक्ष |
| 4 | अल्मोड़ा-धामस मार्ग | 90 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 19 | बागेश्वर-कठपुड़ियाँ मार्ग | 116 | यूटीलिटी मारूती वैन समकक्ष |
| 5 | खाकर -आलीगैर | 80 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 20 | चायखान - निरई | 34 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष |
| 6 | आलीगैर-अल्मोड़ा | 160 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 21 | असगोली-द्वाराहाट | 32 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष |
| 7 | ताड़ीखेत-बिल्लेख | 90 | पिकप / समकक्ष | 22 | चौखुटियॉ-तड़कतल | 63 | पिकप / समकक्ष |
| 8 | ताड़ीखेत-ड्योडाखाल | 60 | पिकप / समकक्ष | 23 | पशु चिकित्सा ताड़ीखेत | - | अल्टो / वैगनआर/समकक्ष |
| 9 | ताड़ीखेत-पीपली मार्ग | 35 | यूटीलिटी/पिकप समकक्ष | 24 | पशु चिकित्सा अल्मोड़ा | - | अल्टो / वैगनआर/समकक्ष |
| 10 | ताड़ीखेत-भतरौजखान | 96 | पिकप / समकक्ष | 25 | ताड़ीखेत-जालली | 92 | पिकप / समकक्ष |
| 11 | ताड़ीखेत-नैनी भेंट | 109 | पिकप / समकक्ष | 26 | भगोती-सनणा मार्ग | 32 | मारूती वैन/मैक्स/बोलेरो समकक्ष |
| 12 | ताडीखेत-काकड़ीघाट | 130 | यूटिलिटी/पिकप समकक्ष | 27 | चौखुटियॉ-दुनागिरी | 111 | ट्रक 04 टायर |
| | **दुग्ध विपणन मार्ग** | | **वाहन का प्रकार** | | **दुग्ध विपणन मार्ग** | | **वाहन का प्रकार** |
| 1 | अल्मोड़ा ए | 35 | पिकप/समकक्ष | 7 | रानीखेत-चौबटिया | 40 | पिकप/ओमिनी/समकक्ष |
| 2 | अल्मोड़ा बी | 30 | पिकप/समकक्ष | 8 | अल्मोड़ा-चौखुटिया | 246 | केन्टर/आयशर/ समकक्ष 6 टायर |
| 3 | अल्मोड़ा सी | 30 | पिकप/समकक्ष | 9 | गरूड़-ग्वालदम | 50 | मैक्स/ओमिनी/ यूटीलिटी/समकक्ष |
| 4 | ताकुला | 100 | यूटिलीटी/पिकप/वैन/ मैक्स/समकक्ष | 10 | बागेश्वर-लोकल (नुमाईसखेत) | 50 | पिकप/ओमनी/समकक्ष |
| 5 | बागेश्वर भराड़ी | 60 | मैक्स/बोलेरो / ओमिनी/ समकक्ष | 11 | एटीएम ए एनटीडी धारानौला बेस | 40 | पिकप/समकक्ष |
| 6 | रानीखेत-भिकियासैंण | 132 | पिकप/यूटीलिटी / समकक्ष | 12 | एटीएम बी मैन बजार खेल्टा विकास भवन | 50 | पिकप/समकक्ष |

उक्त हेतु निविदा रजिस्टर्ड डाक/कोरियर/निविदा पेटिका के माध्यम से दिनांक 01.10.2024 से 10.10.2024 की अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 10.10.2024 को ही अपरान्ह 1.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। इच्छुक निविदादाता दिनांक से 01.10.2024 से 10.10.2024 के 12:00 बजे तक रू0 885.00 नगद जमा कर (समस्त कर सहित) निविदा फार्म, जिसके साथ नियम एवं शर्तें, मार्गवार संस्था द्वारा निर्धारित अधिकतम दर विवरण संलग्न होंगी, संस्था के कोषागार, पातल देवी, अल्मोड़ा/दु० अव० केन्द्र ताड़ीखेत /चौखटिया / कमेडी (बागेश्वर) से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है अथवा ucdfaanchal.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों में मु० 885.00 का अतिरिक्त बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार प्रधान प्रबन्धक के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान प्रबंधक
दुग्ध संघ अल्मोड़ा

**रामलीला** — विश्वमोहिनी का स्वयंवर, शिवगणों और भगवान को श्राप देने की लीला का हुआ मंचन

# पहले दिन नारद मोह की लीला ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जेहि विधि नाथ हुई हित मोरा करहु सो बेगी, दास मैं तोरा...जैसे दोहे के साथ सोमवार को रामलीला मैदान में पहले दिन की रामलीला का मंचन हुआ। नारद मोह की भावपूर्ण लीला ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं विश्वमोहिनी का स्वयंवर, शिवगणों और भगवान को शाप की लीला का भी मंचन हुआ।

मंचन के दौरान शिव-पार्वती संवाद के बाद नारद मोह भंग का मंचन हुआ। जिसमें नारद भगवान हरि की तपस्या करने लगते हैं। इससे भगवान इंद्र का सिंहासन हिलने लगता है। उनकी तपस्या भंग करने के लिए इंद्र देव अप्सराओं को भेजते हैं। जब अप्सराएं तपस्या भंग नहीं कर पाती तो कमदेव के प्रयास के बाद स्वयं नारद अपनी तपस्या को विराम देते हैं और कामदेव को माफ कर देते हैं। इस कारण भगवान नारद को अभिमान आ जाता है। नारद के अभिमान को खत्म करने के लिए प्रभु ने नारद को हरि रूप यानी बंदर का रूप प्रदान किया। जिससे भगवान नारद क्रोधित हो गए और उन्होंने भगवान को श्राप दिया कि आने वाले समय में आप पत्नी के लिए वन-वन भटकेंगे। मंचन में कुणाल पांडे ने विष्णु, रुद्र बिष्ट ने लक्ष्मी, वैभव देवल शंकर, पार्वती विशेष बगड़वाल, नारद यश गुप्ता, इंद्र भगवान अनुभव मित्तल और कामदेव के रूप में मेहुल जोशी ने अभिनय किया। व्यास गद्दी पर पंडित गोपाल दत्त शास्त्री विराजमान रहे। इस मौके पर भवानी शंकर नीरज, प्रदीप जनौटी, मनोज गुप्ता, अमित जोशी, मधुकर श्रोत्रिय, हीरालाल साहू, मंजू वार्ष्णेय मौजूद रहे।


रामलीला में भगवान विष्णु के अवतार में कलाकार। ● अमृत विचार

### सीता को छल से हर ले गया रावण

**कालाढूंगी :** आदर्श रामलीला कमेटी कोटाबाग के तत्वावधान में मुख्य बाजार सिंचाई बंगले में हो रही रामलीला मंचन में नौवें दिन कलाकारों ने सीता हरण का मंचन किया। जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही। लंकापति रावण द्वारा सीता माता के हरण करने पर भगवान श्रीराम ने जब विलाप किया तो उपस्थित दर्शकों की आंखें भी नम हो गईं। बेटियों द्वारा सीता हरण का सुंदर मचन किया गया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष गिरीश चंद्र ढौडियाल, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बुधलाकोटी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश वर्मा, सचिव मनोज डांगी, मैनेजर शंकर लाल रस्तोगी, कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल, अशोक जोशी, सहायक मैनेजर ललित ढोंडियाल, स्टेज मैनेजर कविंद्र सिंह बजवाल, केशव गिरी गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुकदमे को लेकर कोतवाली के बाहर हंगामा व नारेबाजी

**भाजयुमो नेता समेत 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का विरोध**

## पुलिस के हाथ में लाठी व बॉडी प्रोटेक्टर देख अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके प्रदर्शनकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



मुकदमे के खिलाफ कोतवाली गेट के बाहर धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे समेत 200 लोगों पर दर्ज मुकदमे का विरोध करने कोतवाली के बाहर जुटे नेता कोतवाली की दहलीज लांघने की हिम्मत नहीं जुटा सके। पुलिस के बदन पर बॉडी प्रोटेक्टर और हाथ में लाठी देख नेता कोतवाली गेट पर ही बैठकर प्रदर्शन करते रहे।

देवगंगा विहार छड़ायल नायक गैस गोदाम रोड निवासी रेहाना पत्नी नूर मोहम्मद ने भाजयुमो के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे, गिरीश पांडे व अज्ञात 200 लोगों के खिलाफ धारा 191(2), 190, 331(3), 324(2), 326(जी) व 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उक्त लोगों ने 27 सितंबर को पति नूर मोहम्मद की मॉड्यूलर किचन की दुकान में तोड़फोड़ की, तीन मोटर साइकिलें फूंक दीं और घर में भी आग लगाने का प्रयास किया। इस मामले में मुकदमा दर्ज होते ही हिंदुवादियों में आक्रोश पनप गया।

सोमवार को मदन मोहन जोशी, जोगेन्दर राणा, ललित जोशी, हरीश पांडे, भुवन पांडे, त्रिवेणी ग्याल, सुनीता बिनवाल, चन्दन मलारा, देव बिष्ट, गोपाल अधिकारी, मुकेश जोशी, हिमांशु जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, गौरव सुयाल, भविष्य रावत, भुवन जोशी, दीपांशु पोखरिया आदि दर्ज मुकदमे के खिलाफ कोतवाली पहुंच गए। हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस बॉडी प्रोटेक्टर और लाठी लेकर पहले से ही तैयार थी। यह देख हिंदूवादी कोतवाली में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके। पुलिस ने कोतवाली गेट को घेर लिया। जिसके बाद हिंदूवादी कोतवाली गेट के बाहर बैठ कर ही नारेबाजी करने लगे।

आरोप लगाया कि नूर मोहम्मद दमुवाढूंगा में युवती के घर पहुंचा था। इससे क्षेत्रवासियों व हिंदूवादी संगठनों में रोष पनप गया था। मामले में पुलिस ने बिना जांच किए भाजयुमो नेताओं समेत 200 लोगों पर केस दर्ज कर लिया।

इस दौरान मौके पर पहुंचे एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सीओ सिटी नितिन लोहनी ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। बगैर जांच के किसी को दोषी नहीं बनाया जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद सभी वापस लौट गए।

# श्रम कार्ड बनाने में लग रहा काफी समय, श्रमिक परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**परेशानी**

- एक ही खिड़की होने से परेशान हो रहे हैं श्रमिक
- सुबह सात बजे से खिड़की के बाहर लगी रही है लंबी कतार

**अमृत विचार :** श्रम कार्ड बनाने या उसके नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को श्रम विभाग के कार्यालय में पसीना बहाना पड़ रहा है। श्रमिकों के लिए केवल एक ही खिड़की पर कर्मचारी काम करने के लिए मौजूद हैं। हाल यह हैं कि श्रमिक सुबह से ही कतार में लग रहे हैं और चार-चार घंटे उनको खिड़की तक पहुंचने में लग रहे हैं।

श्रम कार्ड नवीनीकरण और पंजीकरण के लिए श्रमिक सुबह सात बजे से कार्यालय पहुंच रहे हैं। खिड़की के बाहर सुबह से ही कतार लग रही है। करीब 10 बजे खिड़की खुलती है। तब तक काफी श्रमिक कतार में लग जाते हैं। सोमवार को केवल एक ही खिड़की पर नवीनीकरण और अन्य कार्य किए जा रहे थे। जिस वजह से श्रमिकों की परेशानी और बढ़ गई। श्रमिक लक्ष्मी बिष्ट ने बताया कि वह सुबह सवा दस बजे से कतार में लगी है और पौने तीन बजे उनका नंबर आया है। यही हाल अन्य लोगों का भी था। इरफान ने बताया कि वह बनभूलपुरा के रहने वाले हैं।

पूर्वान्ह 11 बजे से कतार में लगे हैं, लेकिन चार घंटे से पहले उनका नंबर नहीं आया। एक ही खिड़की होने की वजह से अलग-अलग कतार में महिला और पुरुष श्रमिक खड़े थे। बारी-बारी से दोनों का नंबर आ रहा था।

श्रमिकों का कहना था कि श्रम विभाग में कोई भी काम हो पूरे दिन की दिहाड़ी छोड़नी पड़ती है। एक दिन बेरोजगार रहने के बाद ही श्रम कार्ड में नवीनीकरण या पंजीकरण का काम हो पाता है। उप श्रमायुक्त कमल जोशी ने बताया कि प्रतिदिन 100 से 150 से काम होते हैं। देहरादून कर्मकार बोर्ड से अनुमति लेनी पड़ती है। काउंटर बढ़ाने का निर्णय वहीं से लिया जा सकता है।

### जमीन पर बैठी रहीं महिलाएं

**हल्द्वानी :** कई महिला श्रमिक थक-हार कर जमीन पर बैठी रही हैं। हाल यह है कि श्रमिकों की मदद करने के लिए भी बाहर कोई कर्मचारी नहीं है। अगर किसी श्रमिक के फार्म में कोई कमी आ रही है तो वह उसे ठीक करके लाता है और उसे दोबारा कतार में लगना पड़ता है।

## सार-संक्षेप

### मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोस्वामी को दी विदाई



**हल्द्वानी :** समाज कल्याण निदेशालय में कार्यरत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मोहन गिरी गोस्वामी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। मोहन गिरी ने विभाग में 37 साल सेवाएं कीं। निदेशालय सभागार में हुए विदाई समारोह में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी कार्यशैली, आधुनिकता से जुड़ना, समयबद्धता आदि की प्रशंसा करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उप निदेशक वासुदेव आर्य, जगमोहन सिंह कफोला, पीएस बृजवाल, अर्थ एवं संख्याधिकारी आनंद सिंह जंगपांगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश जोशी मौजूद रहे।

### तीन फीडरों में पांच घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** विद्युत लाइनों की टेस्टिंग कार्य के चलते सोमवार को तेरह बीघा बिजलीघर से जुड़े तीन फीडरों में पांच घंटे तक बिजली गुल रही। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उजाला नगर, नई बस्ती और धान मिल फीडरों में लाइनों का परीक्षण किया गया। ईई डीडी पांगती ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए रूटीन में लाइनों का परीक्षण किया जा रहा है। बताया कि जिले में पदमपुरी और रामनगर मालधनचौड़ में भी टेस्टिंग की गई।

### डॉ. कांडपाल के निधन पर जताया शोक

**हल्द्वानी :** ईएनटी सर्जन डॉ. नवीन कांडपाल का सोमवार को निधन हो गया। इससे पूरा मेडिकल जगत स्तब्ध है। आईएमए हल्द्वानी ने डॉ. कांडपाल के निधन पर शोक जताया है। आईएमए हल्द्वानी के महासचिव डॉ. प्रदीप पांडे ने कहा कि सभी चिकित्सक डॉ. नवीन कांडपाल के निधन से स्तब्ध और नि:शब्द हैं। डॉ. कांडपाल एक शानदार सर्जन थे। उनकी कमी डॉक्टर समुदाय में और ईएनटी क्षेत्र में हमेशा रहेगी।




# नियमितीकरण को लेकर निकाली महारैली

संवाददाता, हल्द्वानी




देहरादून परेड ग्राउंड से सचिवालय की ओर कूच करते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अधिकारी-कर्मचारी महासंघ ने सोमवार को सार्वजनिक निगमों, निकायों और उपक्रमों में कार्यरत संविदा, विशेष श्रेणी, दैनिक वेतनभोगी और उपनल कार्मिकों के नियमितीकरण को लेकर सोमवार को देहरादून में परेड ग्राउंड से सचिवालय तक महारैली निकाली। जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि कार्मिकों के नियमितीकरण और अन्य मांगों के संबंध में शासन ने बीती 5 सितंबर और 23 सितंबर को अपर सचिव की अध्यक्षता में वार्ता बुलाई गई थी, लेकिन वार्ता नहीं हुई। इससे कार्मिकों में गहरी नाराजगी है। महासचिव श्याम सिंह नेगी ने कहा कि शासन प्रदेश के संविदा, विशेष श्रेणी, उपनल, तदर्थ और अन्य आउटसोर्स कार्मिकों का शीघ्र नियमितीकरण नहीं करता है तो प्रदेशभर में कार्मिक कार्यबहिष्कार पर चले जाएंगे। रैली में जल संस्थान, परिवहन निगम, वन निगम, गढ़वाल मंडल विकास निगम, कुमाऊं मंडल विकास निगम, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, जल निगम, जैविक उत्पाद परिषद, संविदा और उपनल संघ सहित अन्य विभागों के कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने सरकार से शीघ्र कार्मिकों को नियमित किये जाने की मांग की। इस दौरान बीएस रावत, टीएस बिष्ट, अरुण पांडे, दिनेश पंत, आन सिंह जीना, विपिन बिजल्वाण, रमेश बिंजोला, संदीप मल्होत्रा, ओमप्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपती भोजनमाताएं। ● अमृत विचार

### भोजनमाताओं ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को एसडीएम परिताष वर्मा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। संगठन की रजनी जोशी ने बताया कि लंबे समय से भोजनमाताएं मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब तक उनकी सुध नहीं ली गई है। सरकार ने चुनाव के दौरान उज्जवला योजना को लेकर खूब शोर मचाया है, लेकिन स्कूलों में भोजन माताओं के लिए अब तक खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे में भोजनमाताओं को आग में खाना बनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। छात्र संघ कम होने की स्थिति में भोजनमाता को काम से निकाल दिया जाता है। स्कूलों में सफाई कर्मचारी, माली, चौकीदार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का काम भोजनमाताओं से लिया जाता है। घोषित न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र मांगों को पूरा करने की मांग की। इस दौरान चंपा गिनवाल, पुष्पा जलाल, पुष्पा कुड़ई, हेमा तिवारी, रजनी जोशी, नीमा आर्या, राजकुमारी, रीना, शान्ति, चन्दा मौजूद रहीं।

# पोषण कार्यशाला में 27 गर्भवती महिलाओं की कराई गोद भराई

संवाददाता, हल्द्वानी



कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देतीं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सातवें पोषण माह के समापन अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से अग्रसेन भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया और विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी ने गर्भवती महिलाओं को किट बांटे।

कार्यक्रम में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी और समग्र पोषण की थीम पर विभिन्न गतिविधियां हुई। बाल परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने बताया कि 27 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई हुई, जिसमें उनको पोषण युक्त टोकरी प्रदान की गई। 30 कुपोषित बच्चों को पोषण किट, 30 बच्चों को ड्राइंग किट, महिलाओं के लिए एनीमिया जांच और हैल्थ कैंप लगाया गया। संचालन सुपरवाइजर प्रियंका ने किया। कार्यक्रम में जानकी भट्ट, मीना आर्या, चंद्रा मेहरा, मीना गरखाल, कविता रिमझियाल मौजूद रहीं।

### मांगों को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ की हल्द्वानी शाखा ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर आयुक्त से शीघ्र समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मांग पत्र में ठेका प्रथा पर रोक लगाने, ठेके में कार्य कर रहे कर्मचारियों को नगर निगम में शामिल करने, कर्मचारियों के वेतन में की गई वृद्धि के एरियर का भुगतान करने, कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने, अवकाश के दिन कार्य करने पर ओवरटाइम देने, पुराने पीएफ एरियर का भुगतान करने व नियमितीकरण की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में शाखा अध्यक्ष अतुल कुमार, सुनील चौधरी, श्याम सुंदर, विपिन, अजय कुमार, मधु, अनीता, ममता आदि मौजूद रहे।

# शोषण के खिलाफ टैक्सी संचालकों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महासंघ टैक्सी यूनियन ने टैक्सी संचालकों के शोषण के खिलाफ सोमवार को संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गुरुदेव सिंह को ज्ञापन दिया।

संचालकों ने कहा कि निजी वाहनों का उपयोग धड़ल्ले से टैक्सी में किया जा रहा है। निजी वाहनों को रोकने के लिए पूर्व में भी परिवहन अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में वाहन चलाने पर चालक के ड्राइविंग लाइसेंस पर हिल इंडोर्समेंट अनिवार्य करने की मांग की। टैक्सी संचालकों ने कहा कि पर्वतीय मार्गों में अन्य राज्यों से आ रहे सवारी वाहनों के चालकों के लाइसेंस की जांच की जाए। उन्होंने लोकसभा चुनावों में अधिग्रहित वाहनों का भुगतान शीघ्र करने की भी मांग की।

कहा कि स्टेशन परिसर में आये दिन लड़ाई होती है, प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। टैक्सी संचालकों ने आठ मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।




**बैठक** कार्यपरिषद की 41वीं बैठक में पदोन्नति पर लगी मुहर, आठ क्षेत्रीय कार्यालयों का पुनर्गठन

# यूओयू में छह एसोसिएट प्रोफेसर बने प्रोफेसर

संवाददाता, हल्द्वानी



कार्यपरिषद की बैठक में उपस्थित कुलपति प्रो. नेगी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में सोमवार को कार्यपरिषद की 41वीं बैठक कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें छह एसोसिएट प्रोफेसरों की प्रोफेसर पद पर पदोन्नति पर मुहर लगाई गई। साथ ही एक असिस्टेंट प्रोफेसर को एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नत किया गया है।

कुलसचिव खेमराज भट्ट ने बताया कि इतिहास में डॉ. मदन मोहन जोशी, पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा में डॉ. राकेश चंद्र रयाल, शिक्षा शास्त्र में डॉ. डिगर सिंह फसर्वाण, वाणिज्य में डॉ. गगन सिंह, प्रबंधन में डॉ. मंजरी अग्रवाल और कंप्यूटर विज्ञान में डॉ. आशुतोष भट्ट की पदोन्नति प्रोफेसर पद पर की गई है। वहीं योग विभाग में डॉ. भानु प्रकाश जोशी को असिस्टेंट से एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति दी गई है। कुलसचिव ने बताया कि आठ क्षेत्रीय कार्यालयों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बागेश्वर को समाप्त कर रानीखेत क्षेत्रीय कार्यालय में संयोजित कर दिया गया है। चमोली व रुद्रप्रयाग जिले के लिए कर्णप्रयाग में नया क्षेत्रीय कार्यालय बनाया गया है। विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित शिक्षकों को अर्जित अवकाश का नगदीकरण का लाभ दिए जाने के लिए पूर्व में गठित समिति की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया है। बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देश के अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यूओयू में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद की 29वीं बैठक और परीक्षा समिति व वित्त समिति की 18वीं बैठक की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया। कंप्यूटर विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र पांडे ने शंघाई ओपन यूनिवर्सिटी चाइना के स्कॉलर प्रोग्राम के लिए चयन की सूचना से परिषद को अवगत कराया।



अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

## संपादकीय

# रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर


भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मजबूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाजार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए, एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)




राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटों तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए, चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है,जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी हैं।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है,जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है,क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है,जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी,आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर ), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी,जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। ' मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें,यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का मंगलाचरण



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया,तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है,जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता,जन साधारण या लोक से बनता है।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है,जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला,जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है,जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा,जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए,यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए,जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

## सोशल फोरम

# डर और लिहाज में अंतर



हफीज किदवई
लेखक

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है,जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही,जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो,उसे यह डर जैसा ही लगेगा।

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है,यह लिहाज है,जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की,तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है,जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है,वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है,मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है,मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो,मगर लिहाज से,तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं,मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

# नदियों को लीलता विकास



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत: बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं,जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं,जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं,अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है,किंतु ये मकान ही अवैध हैं,जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

# क्रेडिट कार्ड का घटता चलन





संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

## एक नजर

### करंट से हुई युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी में तालाब किनारे करंट लगने से युवक की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में हाईडिल के पीछे कुण्डेश्वरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसका पुत्र मोहित चौधरी बीती 26 सितंबर की शाम करीब 6 बजे किसी काम से अपने दोस्तों के साथ घूमने गया था। अगले दिन पता चला कि उसका पुत्र स्कूल की जमीन वाले तालाब पर मृत पड़ा है। बताया कि तालाब की तारबाड़ कर जंगली जानवरों से रक्षा के लिये उसमें रात को लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी इल्यास द्वारा करंट छोड़ा जाता है। जिस कारण उसके पुत्र का पैर करंट वाले तार पर पड़ जाने से उसकी मृत्यु हो गई।

### रंजिशन गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

**बाजपुर :** एक ही परिवार के सदस्यों पर रंजिशन गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-11 निवासी भूरी पत्नी अशोक ने पुलिस को बताया कि रविवार की देर रात आठ बजे उसका भतीजा अपने घर के बाहर घूम रहा था। आरोप है कि इसी बीच वहां पहुंचे सात-आठ महिला-पुरुषों ने रंजिशन गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं शोर सुनकर भूरी व उसका बेटा बीच-बचाव को पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया। आरोपित एक कान के सोने का कुंडल व चेन भी छीन कर ले गए हैं।

### 22 लीटर कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**बाजपुर :** सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस टीम ने चौकी प्रभारी संदीप शर्मा की अगुवाई में ग्राम लुधपुरा निवासी सुखवीर सिंह को 22 लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की है।

### करियर काउंसलिंग में दी गई जानकारी

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डॉ.अतुल उप्रेती ने करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की ओर से होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं महाविद्यालय में उद्यमिता तथा स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। मुख्य वक्ता डा.एके सिंह ने भी विद्यार्थियों को जानकारी दी।

# सर्राफा लूट कांड के फरार दो इनामी बदमाश पुलिस की गिरफ्त में

## 14 सितंबर को जसपुर के सर्राफा व्यापारी के साथ हुई थी लूट, माल सहित दो तमंचे भी हुए बरामद, दिलशाद-साजिद पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर/जसपुर

**02** बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की थी

**10** दस हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था पुलिस ने दोनों बदमाशों पर

**अमृत विचार:** जसपुर सर्राफा लूट कांड के फरार चल रहे इनामी बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से लूट की शत-प्रतिशत बरामदगी की है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने बदमाशों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 14 सितंबर को जसपुर के सर्राफा व्यापारी संजीव कुमार वर्मा अपने बेटे के साथ बाइक पर रेहड़ से ज्वेलरी की दुकान बंद कर लौट रहे थे। दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने बाइक को लात मारकर नीचे गिरा दिया और हथियारों के बल पर 25 हजार की नगदी, 25 ग्राम सोना और 250 ग्राम चांदी लूट ली थी। घटना की जानकारी मिलते ही जसपुर थाना पुलिस एवं काशीपुर एसओजी सक्रिय हो गई और इलाके की घेराबंदी कर खोजबीन शुरू होने लगी कि रात्रि एक बजे के करीब पुलिस एवं बदमाशों में मुठभेड़ हो गई।



जसपुर सर्राफा लूट कांड के पकड़े गए बदमाशों के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

इसमें दिलशाद एवं साजिश को पैर में गोली लग चुकी थी, जबकि शरीफ नगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी इरफान व दहलावाला रेहड़ बिजनौर निवासी मोहम्मद रिजवान फरार हो गए थे। फरारी के दौरान पुलिस ने दोनों बदमाशों पर दस-दस हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था।

जसपुर पुलिस-एसओजी को सोमवार की सुबह खबर मिली कि फरार आरोपी मुरलीवाला शरीफ नगर रोड स्थित एक खंडहर में छिपे हैं। संयुक्त टीम ने दबिश देकर इरफान व रिजवान को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 315 बोर का एक-एक तमंचा व कारतूस और लूट की वारदात में लूटे गए जेवरात व नगदी भी बरामद कर ली। पुलिस की सक्रियता पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने टीम को 2500 रुपये का इनाम भी घोषित किया है।

### दिलशाद-साजिद-इरफान पर दर्ज हैं कई मुकदमे

जसपुर पुलिस-एसओजी की गोली का शिकार बने दिलशाद और साजिद उर्फ कल्लन के खिलाफ टांडा, कठघर, मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, बाजपुर में लूट, डकैती, चोरी व गैंगस्टर के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा गिरफ्तार इरफान पर थाना ठाकुर द्वारा में गोकशी, गैंगस्टर के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी पता चला है कि चारों ने मिलकर ज्वैलर्स लूट की एक लंबी योजना भी बनाई थी।

# वारदात में मोबाइल का नहीं किया इस्तेमाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

- रिजवान ही था लूटकांड का मुख्य सूत्रधार
- सर्राफा व्यापारी की हर गतिविधि पर रखी थी नजर

**अमृत विचार:** जसपुर सर्राफा लूट कांड में अहम किरदार निभाने वाला और कोई नहीं, बल्कि रिजवान ही था। लूटकांड के बदमाश इतने शातिर थे कि लूट की योजना मोबाइल के जरिए नहीं, बल्कि एक साथ बैठकर मौखिक तौर पर साजिश रची गयी। घटना को अंजाम देने के दौरान भी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन पुलिस की सजगता के कारण आखिरकार बदमाशों की यह योजना भारी पड़ गई।

जसपुर थाना प्रभारी जगदीश ढकरियाल ने बताया कि सर्राफा लूट कांड को अंजाम देने से पहले रिजवान ने ही सर्राफा व्यापारी की हर गतिविधि का पता लगाया। साथ ही रिजवान को पूरा विश्वास था कि सर्राफा व्यापारी वापस जाते समय लाखों के जेवरात व नकदी लेकर जाते हैं। इसी कारण 13 सितंबर को ही रिजवान ने अपने बदमाश साथी दिलशाद, साजिश और इरफान को ठाकुरद्वारा से जसपुर बुलाया और रात्रि को ही लूट की योजना बनाई थी।

साथ ही तय हुआ कि वारदात के वक्त कोई भी अपना मोबाइल नहीं लाएगा। वेशभूषा भी साधारण होगी। 14 सितंबर को रिजवान दुकान से निकलने से लेकर रेहड़ मार्ग तक पीछा करता रहा और योजना के तहत जैसे ही अंधेरा व सूनसान मार्ग पड़ा। वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में भी यह बात साफ हुई है कि रिजवान ही रेकी, सूचना तंत्र एवं बदमाशों को बुलाने वाला ही है।

### उपचार के बाद जेल गए दिलशाद-साजिद

**रुद्रपुर :** 14 सितंबर को सर्राफा लूट कांड के बाद हुई घेराबंदी में फंसे दिलशाद एवं जसपुर पुलिस की मुठभेड़ में दिलशाद को पैर पर गोली लग गई थी, जबकि साजिद को 15 सितंबर की रात्रि को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मुठभेड़ में भी साजिद को पैर पर पुलिस की गोली लगी थी। पुलिस ने उपचार के बाद दोनों बदमाशों को न्यायालय में पेश कर दिया था। वहां से आरोपियों को हल्द्वानी भेज दिया गया है।

### पुलिस को गुमराह करने का किया प्रयास

**रुद्रपुर :** साजिद, दिलशाद, इरफान व रिजवान ने लूट के बाद पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए रेकी-लूट के दौरान मोबाइल से कोई भी बातचीत नहीं की। फोन का इस्तेमाल लूट से पहले बाइक पर सवार होकर कई मार्गों, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड से होते हुए गूलरभोज तिराहे पहुंचे। पहचान छिपाने के लिए ढीला-ढाला लोवर, टी शर्ट व सभी ने हेलमेट पहने हुए थे। भागने के लिए सुनसान रास्तों का इस्तेमाल किया। पुलिस को भ्रमित करने के लिए ज्वैलर्स से लूटे गए मोबाइल को कई रास्तों से घुमाकर अपने घर से दूर अजीतपुर बाजपुर के रास्ते जाकर स्विच ऑफ कर दिया था।

# कार से भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार:** कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सन्नी चौहान।

गत देर रात्रि सितारगंज रोड सत्संग घर के समीप सितारगंज की ओर से तेज गति से आ रही कार यूके 06ए डी 0569 ने नानकमत्ता बाजार से सितारगंज की ओर जा रही मोटर साइकिल यूके 06जी9372 को टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल सवार सन्नी चौहान (30) निवासी नानकमत्ता और सर्वेश कुमार (40) निवासी भिडारा मझोला पीलीभीत हाल निवासी नानकमत्ता को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। चालक कार छोड़कर फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सन्नी चौहान दो भाई थे। बड़े भाई मन्नू चौहान व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष हैं। मृतक सन्नी चौहान की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। घटना से परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## उचक्कों ने वृद्धा का उड़ाया मंगलसूत्र

**खटीमा:** बाजार आई एक वृद्धा को सम्मोहित कर उचक्कों ने सोने का मंगलसूत्र उड़ा लिया। पुलिस द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे में तीन युवक नजर आ रहे हैं जिसमें एक महिला भी है।

विगराबाग निवासी 60 वर्षीय जशोदा चंद्र अपना मंगलसूत्र मरम्मत कराने सब्जी मंडी के समीप ज्वेलर्स की दुकान पर गई थी। जहां से मरम्मत करा कर वापस लौटते समय लगभग 12.30 बजे तीन लोगों ने पीछा कर वृद्ध महिला को सम्मोहित कर दिया और सोने का करीब एक तोले का मंगलसूत्र उड़ा ले गए। बदहवास महिला जब होश में आई तो उसने 112 टोल फ्री नंबर पर घटना से पुलिस को अवगत कराया। वहीं खटीमा पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई।

# गौ ध्वज यात्रा रोकने को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** हिंदुओं के सर्वोच्च धर्म गुरु ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नॉर्थ ईस्ट के चार राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय व मिजोरम की सरकारों ने अपने राज्य में आकर गौध्वज स्थापित करने की अनुमति नहीं दी। इस पर भारतीय बजरंग दल व ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर नॉर्थ ईस्ट की सरकारों के विरोध में प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वर आनंद 22 सितंबर से पूरे देश का भ्रमण कर रहे हैं। उनकी यात्रा गत 22 दिसंबर से अयोध्या में गौध्वज की स्था पना से प्रारंभ हुई थी। जब यह यात्रा नॉर्थ ईस्ट अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम व नागालैंड पहुंची तो वहां की सरकारों ने यात्रा को अपने प्रदेश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि शंकराचार्य को यात्रा को अनुमति न देना 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान है।




गदरपुर में प्रदर्शन करते भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप ने कहा कि भारतीय बजरंग दल पूरे जिले में भ्रमण कर हिंदुओं को यह बताएगा कि हिंदुओं के धर्म गुरुओं का अपने ही देश में अपमान हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मंत्री विक्रम सिंह सैनी ने की। इस दौरान सचिन बाटला, विक्रम सैनी, सचिन कश्यप, संदीप सिंह, कुंवर सिंह, गोपाल कश्यप, मोती राम सैनी, अजय सिंह, राजेंद्र मौर्या, कपिल सिंह, राजरानी, लक्ष्मी देवी, अनिता सिंह आदि मौजूद रहे।

# पहले महिला की लूटी अस्मत, फिर दी धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

- बाजपुर की महिला ने एसएसपी से लगाई गुहार
- बेहोशी की हालत में दुष्कर्म का भी है आरोप

**अमृत विचार:** थाना बाजपुर की रहने वाली एक महिला से कपड़ा व्यापारी द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार आरोपी फोन पर परिवार सहित हत्या किए जाने की धमकी दे रहा है और आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी भी नहीं हुई थी। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता का कहना था कि बाजपुर में एक कपड़ा व्यापारी से मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद आरोपी का घर आना जाना भी होने लगा। आरोप था कि 13 अगस्त को आरोपी घर पर आया और कोल्ड ड्रिंक व रसमलाई बच्चों को देने लगा। लेकिन बच्चों की बजाए उसने खा लिया। उसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोप था कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो व अश्लील वीडियो बनाई और कई बार ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा।

जब प्रताड़ना बढ़ती गई तो पति को जानकारी दी। कई चक्कर काटने के बाद 20 अगस्त को मुकदमा दर्ज हुआ। बावजूद अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी फोन पर परिवार सहित हत्या की धमकी दे रहा है। इससे उनका परिवार भयभीत है, जबकि कोर्ट में भी बयान दर्ज हैं। साथ ही सारे सबूत भी पुलिस को दे दिए हैं। जिस पर एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## महिला दो बच्चों के साथ हुई लापता

**किच्छा:** कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में एक महिला दो बच्चों सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। लापता महिला बच्चों के साथ बाजार से सामान लेने के लिए घर से निकली थी। महिला के पिता ने कोतवाली पुलिस को महिला एवं बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

पुलिस को दी सूचना में नीलकंठ कॉलोनी फेस वन कोठा, चौकी लालपुर, कोतवाली किच्छा निवासी आनंग पाल ने बताया कि उसकी 30 वर्षीय पुत्री मधुबाला उर्फ मधु अपने 5 एवं 6 वर्षीय दो पुत्रों के साथ खरीदारी करने बाजार गई थी, लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटी। बताया कि इस दौरान परिजनों ने मधु एवं बच्चों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल पुलिस में सूचना दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रम्पुरा बस्ती में महिला ने किया पथराव

**विवाद**

- युवकों ने रोका तो महिला ने कर डाला चोटिल
- पीड़िता ने चौकी पुलिस को सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की रम्पुरा बस्ती में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने ऐसा तांडव मचाया कि बस्ती में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। आरोप था कि महिला ने घर पर पथराव किया। जब युवकों ने रोकना चाहा तो पत्थरबाजी कर चोटिल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वार्ड-23 रम्पुरा निवासी पूजा ने बताया कि देवरानी पिंकी का झगड़ा उसकी सास-ससुर से हो रहा था। जब उसने रम्पुरा पुलिस को शिकायती पत्र दिया तो उससे बौखलाई देवरानी ने 29 सितंबर की सुबह 11 बजे घर के गेट पर ईंट-पत्थर मारना शुरू कर दिया। जब गेट खोला तो पिंकी ने उस पर भी पथराव शुरू कर दिया। उसने कुंडी लगाकर अपने भाई सोनू को सूचना दी। आरोपी महिला ने युवक पर भी पथराव कर चोटिल कर दिया। जब रिश्तेदारों ने रोकना चाहा तो देवरानी ने अपनी मां-बहन के साथ मिलकर हमला कर दिया। जिस कारण वह भी घायल हो गई। पड़ोसियों ने जान बचाई। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राम अर्जुनपुर में युवक पर किया जानलेवा हमला

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के ग्राम अर्जुनपुर में ट्रैक्टर चलाने को लेकर दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अर्जुनपुर निवासी जसपाल सिंह ने बताया कि गांव के ही बलबीर सिंह, कश्मीर सिंह, राजविंदर सिंह, रणजीत सिंह, संदीप सिंह उर्फ सोनू, हरजिंदर सिंह आए दिन उसके ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद करते रहते हैं। आरोप था कि 29 जुलाई की शाम साढ़े चार बजे भी जब वह घर ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। तभी आरोपियों ने घेराबंदी कर धमकाया और लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप था कि 30 जुलाई की शाम आठ बजे धारदार हथियारों से लैस होकर आए और जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर हो गए। उसके परिवार को भी घेर कर हमला कर दिया। जब भतीजा अमरजीत सिंह बीच बचाव को आया तो उसको भी घायल कर दिया। आरोप था कि जब पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट में याचिका डालकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुर्तगाल वर्क वीजा परमिट के नाम पर हड़पे 11 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कबूतरबाजों ने गूलरभोज के रहने वाले एक युवक से पुर्तगाल वर्क वीजा के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि पुर्तगाल पहुंचाने की बजाय उसे बेलारूस-पोलैंड के बॉर्डर पर छोड़ दिया गया। जहां कई दिन भटकने के बाद वह भारत लौटा। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रकम वापस दिलाने व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

रोशनपुर गूलरभोज निवासी प्रभजोत सिंह ने बताया कि मार्च 2023 में उसकी मुलाकात वहीं के एक एजेंट से हुई। जिसने आश्वासन दिया कि 16 लाख रुपये में वह उसे पुर्तगाल का वर्क वीजा बनाकर पहुंचा देगा। आश्वासन के बाद आरोपी ने अपने खाते में 11 लाख की रकम का भुगतान भी करवा लिया। आरोप था कि एजेंट ने मार्च माह को दिल्ली भेजा और दो-तीन दिन एक होटल में रुकवाने के बाद उसे पौलेंड ले गया। जब पूछा तो बताया कि टैक्सी द्वारा पुर्तगाल के लिए रवाना होना पड़ेगा।

आरोप था कि टैक्सी चालक ने उसके साथ कुछ युवकों को बेलारूस व पोलैंड के बॉर्डर पर छोड़ दिया और वह पैदल ही अंदर प्रवेश कर रहा था कि बेलारूस आर्मी ने पकड़ लिया और हाथापाई के बाद मोबाइल, डॉलर भी छीन लिया। कई दिनों बाद वह भारत वापस आया और जब आरोपी एजेंट से रकम वापस मांगी तो वह टालमटोल के साथ ही धमकी देने लगा। काफी प्रयास के बाद भी जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित युवक ने सोमवार को एसएसपी को शिकायती पत्र दिया।

**सख्ती** प्रशासन ने बाहर से आने वाले व्यापारियों को रोकने के लिए फोर्स लगाई, पीएसी और स्थानीय पुलिस रही तैनात

# बाजपुर में इस बार नहीं लगने दिया साप्ताहिक हाट बाजार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** पांच दशक से लगातार सोमवार को लगता आ रहा साप्ताहिक हाट बाजार प्रशासन की सख्ती एवं दिन परिवर्तन के चलते इस बार नहीं लग पाया। सुबह से ही दोराहा-बाजपुर व अनेक मुख्य व लिंक मार्गों पर प्रशासन ने बाहर से आने वाले व्यापारियों को रोकने के लिए फोर्स लगाई गई। पुलिस ने रास्ते से ही व्यापारियों को लौटा दिया।

प्रशासन के साथ पूर्व में बनी सहमति के अनुसार 29 सितंबर से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन इस दिन अन्य स्थानों पर साप्ताहिक बाजार होने के कारण बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लघु व्यापारी बाजार लगाने नहीं पहुंचे।




बाजपुर दोराहा में लघु व्यापारियों को रोककर पूछताछ करती पुलिस व पीएसी।

स्थानीय लोगों ने ही कुछ सब्जी की दुकानें लगाई थी। लोगों को उम्मीद थी कि बाहरी व्यापारी सोमवार को बाजार लगाने आएंगे, लेकिन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी के आदेशों के क्रम में पुलिस व नगरपालिका प्रशासन ने साप्ताहिक बाजार नहीं लगाए जाने को लेकर सख्त कदम उठाए गए जिसके चलते डेढ़ सेक्सन पीएसी व स्थानीय पुलिस कर्मियों को अनेक स्थानों पर लगाया गया और साप्ताहिक हाट बाजार की अनुमति सोमवार को नहीं होने की बात कहकर लौटा दिया गया है।

### ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में हाट बाजार में लगी भीड़

**बाजपुर :** एक ओर प्रशासन ने नगर में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का ऐलान किया, जिसमें अन्य जगह बाजार होने के कारण रविवार के साप्ताहिक बाजार में तो नहीं पहुंचे, लेकिन अपने पूर्व निर्धारित बाजार के अनुसार विभिन्न रास्तों से शहर में आए लघु व्यापारियों द्वारा लगभग एक वर्ष से सोमवार को ही शहर से सटे ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में लग रहे साप्ताहिक हाट बाजार में अपने फड़ लगा लिए और सब्जी, राशन एवं खान-पान के सामान की दुकानें सजाकर बैठ गए। इसकी जानकारी शहरवासियों को मिलते ही लोगों ने खरीदारी के लिए गांव की ओर दौड़ लगा दी और शाम तक बाजार में भारी भीड़ पहुंच गई। परिणाम स्वरूप जगह कम होने के कारण जहां रामराज रोड व नेहरू मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन चालकों व लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

> यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए आम सहमति से पूर्व में सोमवार को लगाने वाला साप्ताहिक हाट बाजार रविवार को एसडीएम बाजपुर के दिशा-निर्देशों पर लगाया गया था। ऐसे में जिन दुकानदारों को जानकारी नहीं थी वह सोमवार को दुकानें लगाने आए थे जिन्हें वापस लौटा दिया गया है और अगले रविवार को बाजार लगाने आने की बात कही गई है। **-अन्नराम आर्य**, सीओ बाजपुर

# आधी रात चौकियों में कप्तान को देखकर अलर्ट रही पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर

- बगवाड़ा-सितारगंज चौकी का किया निरीक्षण
- साढ़े 12 बजे बगवाड़ा, डेढ़ बजे सितारगंज पहुंचे

**अमृत विचार:** एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा आधी रात्रि किसी भी चौकी-थाने का मुआयना किए जाने की संभावना को देखते हुए जिला पुलिस हमेशा अलर्ट मोड में रहती है। ऐसे में रविवार की देर रात्रि अचानक एसएसपी ने बगवाड़ा चौकी और सितारगंज चौकी का मुआयना कर दिया। कप्तान को आधी रात खड़ा देख वहां तैनात पुलिसकर्मी अलर्ट हो गए। इस दौरान एसएसपी ने अधीनस्थों को आदेशित भी किया।

रविवार की रात्रि साढ़े 12 बजे अचानक एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अपनी गाड़ी को किच्छा हाईवे स्थित बगवाड़ा चौकी की ओर रुख कर दिया। एसएसपी को देख चौकी में तैनात पुलिसकर्मी सक्रिय हो गए। उन्होंने चौकी का मुआयना किया। इसके अलावा एसएसपी डेढ़ बजे के करीब सितारगंज सिडकुल पहुंचे। जहां उन्होंने आदेशित किया कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चौकी प्रभारियों को संदिग्ध व्यक्तियों को चिह्नित करने, वाहनों की चेकिंग, रात्रि गश्त बढ़ाने, पीकेट को प्रभारी बनाने, चौकियों में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने का आदेश दिया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने वारंटी नदीम निवासी मोहल्ला बेगम सराय (संभल), आशु वर्मा निवासी घासमंडी व मोबिन निवासी महेशपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौड़ आदि शामिल रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम चम्पा देवी एवं जन्म तिथि 05-04-1972 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम चम्पा धानिक एवं जन्मतिथि 07-07-1977 है। जो कि मेरे अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। उक्त दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। - **चम्पा धानिक पत्नी श्री बलवंत सिंह धानिक, निवासी निकट, कालिका मंदिर, रामड़ी जसुवा, पो.ओ. कठघरिया, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल।**

## सार-संक्षेप



शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### पछासं कार्यकर्ताओं पर हमले की निंदा

**पंतनगर** : बीती 28 सितंबर को हल्द्वानी में पछासं के कार्यकर्ता जयंती वर्ष पर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे, इसी दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला कर कार्यक्रम रोक दिया था। रविवार को इंकलाबी मजदूर केंद्र एवं ठेका मजदूर कल्याण समिति ने एल-खंड में सभा आयोजित कर भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और हमले की निंदा की। इस दौरान माधव, राशिद, अभिलाख सिंह, मनोज, रमेश, रियासत, सुभाष, रामानंद, अर्जुन सिंह, पृथ्वीराज गौतम, राधा, मुन्नी, सद्भावना, उर्मिला, धर्मवती व मुनिया आदि मौजूद रहे।



सितारगंज में प्राचार्या को ज्ञापन सौंपते प्रयोगशाला सहायक। ● अमृत विचार

### प्रयोगशाला सहायकों के आंदोलन को समर्थन दिया

**सितारगंज** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिसौना के प्रयोगशाला सहायकों ने उत्तराखंड विश्वविद्यालय महाविद्यालय प्रयोगशाला सहायक महासंघ के प्रयोगशाला सहायकों की जायज मांगों के आन्दोलन को अपना नैतिक समर्थन दिया। इससे संबंधित ज्ञापन उन्होंने प्राचार्या रेणु बंसल को सौंपा। उनका कहना है कि भविष्य में यदि आवश्यकता होगी तो प्रयोगशाला सहायक इन लोगों के साथ सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे। महाविद्यालय में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक इक़रार हुसैन तथा द्रौपदी कन्याल द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रयोगशाला सहायकों की तीन सूत्रीय मांग दस साल से लंबित है। प्रदेश संगठन के आह्वान पर प्रयोगशाला सहायक 30 सितंबर से 05 अक्टूबर तक काला फीता बांधकर कार्य करेंगे, व उसके बाद 15 अक्टूबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेगें। आगे का आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशन के अनुसार रहेगा।

### धौराडैम क्षेत्र में जल भराव को लेकर दूंगा धरना : बेहड़

**किच्छा** : कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि धौरा डैम क्षेत्र में जलस्तर



बढ़ने के कारण ग्रामीणों के घरों एवं खेतों में जल भराव के कारण हो रही समस्या का निस्तारण जल्द न होने की दशा में 3 अक्टूबर को ग्रामीणों के साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय किच्छा के बाहर विशाल धरना दिया जाएगा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा धौरा डैम क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने के कारण ग्रामीणों के घरों में पानी भरने तथा फसल बर्बाद होने की सूचना के बाद उन्होंने पीड़ित स्थानीय लोगों के साथ जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात कर परिस्थिति से अवगत कराया था। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से उन्होंने वार्ता कर निरीक्षण के लिए मौके पर भेजा था एवं उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के अधिकारियों से भी इस संबंध में वार्ता की थी। क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा द्वारा कार्यवाही के लिए दो दिन का समय मांगा गया है।



व्याख्यान देते प्लांट बेस्ड वेलनेस फाउंडेशन के ललित एम. कपूर।

### फल-सब्जियों के सेवन से असाध्य रोगों से मुक्ति संभव

**पंतनगर** : जीबी पंत कृषि विवि स्थित गांधी हाल में छात्र कल्याण विभाग की ओर से पुरानी बीमारियों का प्राकृतिक रुप से उपचार पर 'प्लांट बेस्ड वेलनेस फाउंडेशन' के ललित एम. कपूर का व्याख्यान आयोजित किया गया। कपूर ने जीवन शैली को बदलकर फलों, सब्जियों व प्राकृतिक अनाजों के सेवन से असाध्य रोगों से मुक्ति पाने पर चर्चा की। कपूर ने बताया कि उक्त रक्तचाप, मधुमेह, गाउट व हृदय रोग आदि कई पुरानी बीमारियों को पौधों पर आधारित भोजन के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन होमसाइंस एवं कार्यवाहक कुलपति डॉ. अलका गोयल ने की। इससे पूर्व डीएसडब्ल्यू डॉ. आनंद सिंह जीना ने सभी का स्वागत किया। इस आयोजन में डॉ. शोभित गुप्ता, डॉ. श्वेता राय की विशेष भूमिका रही।



दिनेशपुर में श्रीहरिनाम संकीर्तन करती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**दिनेशपुर** : श्री हरिनाम संकीर्तन से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान श्रीहरे कृष्णा, हरे रामा.... के संकीर्तन से माहौल भक्ति हो उठा। सोमवार को वार्ड-नौ स्थित श्रीमद् भागवत कथा प्रांगण में अष्टम प्रहर व्यापी श्रीहरि नाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व प्रातः महिलाएं अनुष्ठान स्थल पर एकत्र हुईं। जहां से महिलाएं भव्य कलश यात्रा निकालते हुए श्री हरिचांद- गुरुचांद धर्म मंदिर स्थित कामना सागर पहुंचीं। यहां से जल भरकर वापस अनुष्ठान स्थल पहुंची। श्रीहरि नाम संकीर्तन में हरि गोपाल संप्रदाय धर्मनगर, राधारमन संप्रदाय पिपलिया, राधा- कृष्ण संप्रदाय दिनेशपुर, श्यामा संप्रदाय रुद्रपुर आदि कीर्तन मंडलियों ने हरि कृष्णा, हरे कृष्णा-हरे रामा, हरे रामा हरे हरे .... भजन गाते हुए नृत्य करते हुए नगर को श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर कर दिया। इस मौके पर आशुतोष राय, गोविंद मंडल, समाजसेवी रमेश बैरागी, तापस कुमार, अमल राय, प्रभात शील, हरेंन मुखर्जी, विभूति, माधव, उत्तम विश्वास, मिथुन बैरागी, महेश विश्वास, विजय ढाली, सूरज राय आदि मौजूद रहे।

### बैडमिंटन के लिए चयन ट्रायल दो अक्टूबर को

**काशीपुर** : राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए दो अक्टूबर को काशीपुर स्टेडियम में चयन ट्रायल आयोजित होगी। स्टेडियम प्रभारी मोहित सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय अंडर 13, 17, 19 (बालिका) बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 08 अक्टूबर 2024 तक इंडोर स्टेडियम, कण्टालिया/ संसी स्टेडियम पौड़ी में किया जा रहा है। जिसके लिए जिला ऊधम सिंह नगर की टीम भी आमंत्रित की गई है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अंडर 13, 17, व 19 बालिका टीम का चयन ट्रायल्स दो अक्टूबर को प्रातः नौ बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में रखा गया है। कहा कि इच्छुक खिलाड़ी अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# अधूरी तैयारियों के बीच आज से होगी धान खरीद

## धान खरीद नीति जारी, कच्चा आढ़तियों की अब तक जारी नहीं हुई सूची, जिले में 214 क्रय केंद्र बनाए गए

अव्यवस्था

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर में आधी-अधूरी तैयारियों के बीच जनपद के 214 धान क्रय केंद्रों में आज से धान की खरीद शुरू हो जाएगी। हालांकि शासन ने देर शाम धान खरीद नीति जारी कर दी है। लेकिन कच्चा आढ़तियों की सूची अभी तक जारी नहीं की गयी है। इसके अलावा क्रय केंद्रों में भी अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

ऊधमसिंह नगर जनपद में 214 धान क्रय केंद्र बनाये गये हैं। इसमें यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केंद्र शामिल हैं।




गल्ला मंडी स्थित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर छाया सन्नाटा।

हालांकि दोपहर तक किसी भी धान क्रय केंद्र में न तो कांटे लगाए गये थे और न ही अन्य सामान। ऐसे में क्रय केंद्रों में धान खरीद होना काफी मुश्किल नजर आ रहा है।

हालांकि आरएफसी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनकी ओर से तैयारी पूरी कर ली है। कच्चा आढ़तियों की सूची तैयार की जा रही है। एक या दो दिन में यह सूची भी जारी कर दी जाएगी।

यहां बता दें कि जिले में एक लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है, जबकि एक लाख 30 हजार किसान इस खेती से जुड़े हुए हैं।

### कुमाऊं मंडल को मिला 1,85,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य, 232 क्रय खोले गए

**रुद्रपुर** : सोमवार की देर सायं शासन ने धान खरीद नीति जारी कर दी है। इस बार कुमाऊं मंडल को 1,85,000 मीट्रिक टन और गढ़वाल मंडल को 40,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया गया है। धान खरीद के लिए कुमाऊं में 232 क्रय खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 30, यूसीएफ के 170, एनसीसीएफ के 12 और प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के 20 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसके अलावा गढ़वाल मंडल में धान खरीद के लिए 42 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 12, यूसीएफ के 20, एनसीसीएफ के 5 और उत्तराखंड उपभोक्ता संघ के 5 क्रय केंद्र खोले गये हैं।

### सुबह 9 बजे से सायं पांच बजे तक होगी खरीद

**रुद्रपुर** : धान क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक धान की खरीद की जाएगी। जिलाधिकारी स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्रय केंद्रों के खुलने और बंद होने के समय में आवश्यक परिवर्तन करने के लिए अधिकृत होंगे। किसानों की सुविधा के लिए रविवार और राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में धान क्रय केंद्र खुले रहेंगे। जनपद में लगातार अवकाश होने की स्थिति में जिलाधिकारी जनपद में कृषकों की सुविधा के लिए क्रय केंद्र खोलने का निर्णय ले सकते हैं।

> कुमाऊं में आज से धान खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग के सभी क्रय केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए उपकरण लगा दिए गये हैं। धान खरीद नीति भी जारी हो गयी है। एक या दो दिन में कच्चा आढ़तियों की सूची भी जारी हो जाएगी। -**अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

## इंटर स्कूल गतका चैंपियनशिप नवंबर में होगी

**बाजपुरः** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन, राज्य में गुरुओं के खेल को सम्मान दिलाने के लिए देवभूमि में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह ने बताया कि दूसरी इंटर स्कूल गतका चैंपियनशिप नवंबर में आयोजित की जाएगी।

सेल्फ डिफेंस गतका स्पोर्ट्स में बच्चों का रुचि लाने के लिए उत्तराखंड गतका एसोसिएशन अपने अधिकारियों की टीम के साथ एक से 31 अक्टूबर तक अलग-अलग स्कूलों में गतका के फ्री कैंप लगवाएगी। उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल और महासचिव हरप्रीत सिंह ने सभी स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट से सहयोग मांगा है।

## 13 मुकदमे वाला ई-रिक्शा चालक किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** दो बार यातायात सिपाही को रोककर धमकी देने वाले ई-रिक्शा चालक को ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जब उसका आपराधिक इतिहास खंगाला तो उसके खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि यातायात क्रेन संचालन में तैनात सिपाही योगेश चंद्र द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन करने के दौरान जब संजू कुमार उर्फ रघु शूटर निवासी ग्राम सुकली शाही मीरगंज बरेली व हाल निवासी अरविंद बिहार फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैंप को गलत दिशा में ई-रिक्शा संख्या यूके-06 ईआर-8357 को रोका तो आरोपी ने अभद्रता की। आरोप था कि 25 सितंबर और 27 सितंबर को आरोपी ई-रिक्शा चालक ने सिपाही को रोका और धमकी भी दी। साथ ही सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने का भी प्रयास किया।

सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने 132, 351(2), 351(3), 352, 221, 223, 224 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। 30 सितंबर को मिली सूचना के आधार पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जब उसका आपराधिक इतिहास खंगाला तो वर्ष 2023-24 में थाना पंतनगर 132/392/411/212 आईपीसी के तहत पांच मुकदमे, थाना ट्रांजिट कैंप में वर्ष वर्ष 2018 में दो, वर्ष 2024 में एक, कोतवाली रुद्रपुर में दो, थाना शाही में एक और थाना शेरगढ़ में एक मुकदमे पाए गए।

## गन्ना पेराई सत्र को लेकर किया मंथन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** आगामी गन्ना पेराई सत्र को लेकर सितारगंज चीनी मिल प्रबंधन और क्षेत्र के किसानों की बैठक आयोजित की गई। इसमें किसानों को आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर गहन मंथन किया गया। मिल प्रबंधन ने किसानों को हर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

तहसील सभागार में हुई बैठक में किसानों ने क्रय केंद्रों पर होने वाली दो प्रतिशत कटौती को बंद करने, पिछले सत्र में हुई दो प्रतिशत की कटौती का ब्यौरा देने, क्रय केंद्र पर प्रति ट्रॉली लिए जाने वाले शुल्क को बंद करने, पर्याप्त मात्रा में क्रय केंद्र पर मजदूर की व्यवस्था करने, इंडेंट बढ़ाने तथा समय पर इंडेंट देने, केंद्र से गन्ना उठान समय पर करने, क्रय केंद्र के प्रभारियों की कार्य शैली सुधारने, फैक्ट्री की क्षमता बढ़ाने, क्रय केंद्र के प्लाट का किराया बढ़ाने, गन्ने की पूरी सप्लाई के बाद ही फैक्ट्री को बंद करने, सब्सिडी पर उन्नत प्रजाति के बीज की व्यवस्था करने, बेहतर दवाइयों की व्यवस्था करने, कृषि यंत्र विशेष छूट पर उपलब्ध कराने आदि समस्याओं को फैक्ट्री प्रबंधन के समक्ष प्रमुखता से रखा। वहीं डीसीओ/सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी ने बताया कि पिछले सत्र में किसानों के साथ जो समस्याएं आई थी किसानों के माध्यम से जानकारी मिली है, किसानों की समस्याओं के समाधान के संबंध में किसानों से भी सुझाव लिया गया है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि पिछले सत्र में जो समस्याएं आई थी आगामी क्षेत्र में किसानों को उन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर जेजीएन सुगर एंड बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड सितारगंज के आदित्य झांझी, जीएम केन रविंद्र सिंह ग्रेवाल, एससीडीआई उदल सिंह, समिति सचिव महेंद्र सिंह यादव, समिति अध्यक्ष भगवंत सिंह खालसा, किसान नेता प्रकाश तिवारी, नितिन रस्तोगी, मनोज शाही, परमजीत सिंह, मनजिंदर सिंह भुल्लर, बलराम सिंह, गुरजिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।



खटीमा में गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पूर्व चीनी मिल प्रबंधन और किसानों की बैठक में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

## फुटबॉल में रविंद्र नगर ने शक्तिफार्म को हराया

**शक्तिफार्म** : देवनगर में आयोजित शिवा शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग मैच में रविंद्र नगर ने शक्तिफार्म को पराजित कर मैच जीत लिया। देवनगर में आयोजित शिवा शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच रविंद्र नगर व शक्तिफार्म के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ के पांचवें मिनट में रविंद्र नगर के कृष ने शक्तिफार्म पर गोल करके टीम को 1-0 बढ़त दिला दी। जिसके बाद खेल समाप्त होने तक दोनों टीमें और कोई गोल नही कर सकी। रविंद्र नगर ने 1-0 मैच जीत लिया।कृष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इससे पहले टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रामबाग दिनेशपुर ने ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर को 1-0 से पराजित कर उद्घाटन मैच जीत लिया। मैच में सव्यसाची हालदार, पंकज राय, जयंत मंडल, सुनील कुमार कॉमेंटेटर, सुरंजन विश्वास रेफरी रहे।



कला उत्सव में हिस्सा लेते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### मूर्तिकला में गजरौला की प्राची प्रथम

**बाजपुरः** बीसीएसएफ इंटर कॉलेज में सोमवार को ब्लाक स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ बीईओ सत्येंद्र कुमार यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसमें मूर्तिकला में प्राची राइंका गजरौला प्रथम, अजरा बीसीएसएफ द्वितीय, अकांक्षा रानी राउमावि रामनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य कला में पायल प्रथम, प्रतिभा द्वितीय, माही तृतीय स्थान पर रही। कहानी वाचन में कंचन जोशी प्रथम, मयंक पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्र कला (बालक वर्ग) में उदय प्रथम, सूरज द्वितीय, राज कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला (बालिका वर्ग में शमा प्रथम, मितांशी तोमर द्वितीय, नाजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पारंपरिक नृत्य में राइंका हरिपुरा हरसान प्रथम, आदर्श कन्या इंटर कालेज द्वितीय, राउमावि महेशपुरा तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में सरिता, खष्टी बबाड़ी, रेखा उपाध्याय (नृत्य), शशि जोशी, भानू प्रकाश पांडे, अशोक कुमार (गायन), रामलाल, विमला रावल, कंचनलता यादव, गीता यादव (दृश्य कला), शशि जोगी, खष्ठी बबाड़ी (थियेटर) और गोविंद सिंह बिष्ट व अशोक कुमार ने पारंपरिक नृत्य के लिए अपना दायित्व निभाया। संचालन सीमा पंकज ने किया।

## तिथिवार रोस्टर बनाकर दें संयोजक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि खेल महाकुंभ के तहत 4 से 25 अक्टूबर तक न्याय पंचायत स्तर, 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक ब्लॉक स्तर व 16 नवंबर से 10 जनवरी तक जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके लिए न्याय पंचायत व ब्लॉक स्तर के सभी संयोजक खेल मैदान व तिथिवार रोस्टर बनाकर दें। ताकि सभी खेल मैदानों में व्यवस्थाएं की जा सके।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तिथिवार खेल मैदानों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी स्तरों पर खेल के शुभारंभ व समापन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों को पोस्टर, वैनर के माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा खेल, शिक्षा एवं पंचायतीराज के सहयोग से खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, डीईओ हरेंद्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार, जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, खेल समन्वयक माध्यमिक केशव सिंह, बेसिक सुभाष चंद्र समेत सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

- समय पर हों खेल महाकुंभ की सभी तैयारियां पूर्ण
- सीडीओ ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक — नोडल अधिकारी कैच द रैन व तकनीकी अधिकारी सेंट्रल ग्राउंड वाटर ने दिए निर्देश

## जल शक्ति अभियान के कार्यों की हुई समीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नोडल अधिकारी व उप सचिव जल शक्ति अभियान कैच द रैन तरुणा डोलिया ने तकनीकी अधिकारी सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड देबो ज्योति मंडल के साथ विकास भवन सभागार में जल शक्ति अभियान कैच द रैन 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्य साइंटिफिक तरीके से कराने व रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करने को कहा।

सोमवार को बैठक के दौरान नोडल अधिकारी व अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा नदियों व उनके कैचमेंट एरिया को चिन्हित करते हुए वनीकरण कार्य किया जा रहा है। क्रिटिकल जल स्रोतों, जल धाराओं, नदियों व जलाशयों का संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कार्ययोजना बनाते हुए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा कल्याणी नदी के पुर्नजीवितीकरण कार्य योजना बनाने के साथ ही अन्य नदियों व जलाशयों का डिसिल्टिंग व सफाई कार्य किया गया है।

परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया कि जल संरक्षण संवर्द्धन के लघुकालीन व दीर्घकालीन प्रस्ताव बनाकर कार्य किये जा रहे हैं। सभी कार्य साइंटिफिक तरीके से करने के साथ ही रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जेजेएम के तहत लगभग 95 प्रतिशत लोगों के घरों में जल संयोजन किये जा चुके हैं। आगामी दिसंबर माह के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए वर्षा काल से पूर्व व वर्षा काल के बाद में जल श्रोतों, नलकूपों के पानी की टेस्टिंग भी की जाती है।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, नलकूप आरके सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विशाल प्रसाद, सुधीर कुमार, दीप चंद्र पंत, नारायण राम मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जल शक्ति अभियान कैच द रैन की नोडल अधिकारी तरुणा डोलिया। ● अमृत विचार



काशीपुर में सेवानिवृत्त चंदन सिंह नेगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते कोच व अन्य।

## एथलेटिक्स कोच हुए सेवानिवृत्त

**काशीपुरः** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मुख्य एथलेटिक्स कोच चंदन सिंह नेगी सेवानिवृत्त हो गये हैं। उन्हें स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी।

ग्राम सिरोता बोनाली जिला अल्मोड़ा निवासी चंदन सिंह नेगी ने 27 जुलाई 1992 में गांधी नगर गुजरात से करियर की शुरुआत की। वह काशीपुर साई सेंटर में वर्ष 2001 से कार्यरत थे। उनके सानिध्य में एथलेटिक्स खेल में खिलाड़ियों ने कई मुकाम हासिल किये। जिसमें खिलाड़ियों ने छह अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किये। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर 170 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय पदक प्राप्त किये। 250 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न विभागों में अपनी सेवा दे रहे हैं। स्वयं चंदन सिंह नेगी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह पदक जीते हैं।

### पंतनगर विवि से पांच कार्मिक सेवानिवृत्त

**पंतनगर** : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से सोमवार को पांच कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। जिन्हें उनके विभागाध्यक्षों ने भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में प्रक्षेत्र सहायक ऋषिपाल सिंह, पत्रवाहक बाढू उर्फ अख्तर अली और कुक भूपाल राम, हरीश चंद्र चंदोला व जगदीश चंद्र भट्ट शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### समर स्टडी हॉल के सक्षम व दिपांशी का शानदार प्रदर्शन

**काशीपुर :** पांचवीं स्टेट उत्तराखंड ओलंपिक खेल मॉडर्न पेंटाथलान लेजर रन बायथल व ट्राइथल प्रतियोगिता में समर स्टडी हॉल के सक्षम प्रताप सिंह व दिपांशी भारद्वाज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सक्षम प्रताप सिंह ने छह स्वर्ण पदक, दीपांशी भारद्वाज ने तीन रजत पदक, नैंसी रावत व पूजा रावत ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह व प्रधानाचार्य अनुज भाटिया समेत समस्त शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मौजूद एनएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

### एनएसएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नानकमत्ता :** श्रीगुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों के छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का थाना नानकमत्ता में समापन हो गया। 28 अगस्त से करीब 1 माह तक थाना नानकमत्ता में पुलिस की कार्यशैली को प्रशिक्षण के तौर पर सीखा, जिसमें महाविद्यालय के कुल 37 एनएसएस स्वयंसेवियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव एवं उनकी थाना सहयोगी टीम ने छात्र-छात्राओं को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ पुलिस की कार्यशैली को समझाया। कार्यशैली के दौरान स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने पुलिस ड्यूटी, किराएदार भौतिक सत्यापन, ट्रैफिक नियम अनुपालन, थाने में आई हुई शिकायतें का निवारण, करियर काउंसलिंग एवं प्रतिदिन दिनचर्या आदि प्रशिक्षण लिया। थानाध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं को क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के बारे में बताते हुए समय समय पर नशा मुक्ति अभियान चलाने का आह्वान किया। समापन दिवस पर महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु वाला ने थानाध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार जोशी, कंप्यूटर सहायक पंकज सिंह बोहरा समेत थाना नानकमत्ता टीम समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### क्रिटिकल डिजाइन थिंकिंग की अवधारणा को जाना

**काशीपुर :** ज्ञानार्थी कॉलेज के एनिमेशन और मास कम्युनिकेशन विभाग के 72 छात्र-छात्राओं ने कुंडेश्वरी स्थित आईआईएम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यशाला का विषय 'क्रिटिकल डिजाइन थिंकिंग था, जिसमें छात्र-छात्राओं को डिजाइन थिंकिंग की अवधारणाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का संचालन आईआईएम काशीपुर के प्रोफेसर स्मारक सिमरजीत द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को डिजाइन थिंकिंग की नई तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया। सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को इस कार्यशाला में बेहतर ढंग से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



खटीमा में सफाई अभियान में जुटी टीम।

### विधिक सेवा समिति ने चलाया सफाई अभियान

**खटीमा :** विधिक सेवा समिति के सचिव अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित भट्ट की अगुआई में रोडवेज बस स्टॉप में सफाई अभियान चलाया गया। इससे पूर्व न्यायालय परिसर, रेलवे स्टेशन, नागरिक चिकित्सालय जैसे विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा चुका है। सफाई अभियान में रोडवेज, आश्रम पद्धति, रिलायंस ट्रेंड के सामने सफाई कार्यक्रम किया गया। नगर पालिका परिषद की टीम, पैनल अधिवक्ता की टीम, पीएलवी की टीम ने संयुक्त रूप से साफ सफाई का कार्य किया एवं और कूड़ा एकत्र कर कूड़ा गाड़ी में डाला। सचिव भट्ट ने स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर आश्रम पद्धति के स्टाफ डिप्टी नाजीर संजय शुक्ला, पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, स्नेह प्रभा, शाहाना बेगम, पीएलवी विमल कुमार, आशा रानी, माया देवी प्रभु दयाल, आरबी सिंह, पिंकी राणा, लाल सिंह, भगवती, ठग्गो देवी, प्रीती राना आदि उपस्थित थे।

### देवभूमि टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बने चंचल

**खटीमा :** देवभूमि टैक्सी यूनियन के चंचल सिंह फिकवाल अध्यक्ष बने। सोमवार को देवभूमि टैक्सी यूनियन की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति ने चंचल सिंह फिकवाल को अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष फिकवाल को टैक्सी मालिक व चालकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष फिकवाल ने टैक्सी मालिकों व चालकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महेश जोशी, दिवान सिंह मेहरा, शंकर गोस्वामी, केदार सिंह, प्रेम चंद राजपूत, दिनेश चंद, रमेश जोशी, जगत सिंह, मो. अनवर, पप्पू, दिप्पू, मो. रहमान आदि मौजूद थे।


चंचल सिंह फिकवाल।


खटीमा से जू जित्सु प्रतियोगिता में मेडल विजेता के साथ स्कूल प्रबंधन।

### जू जित्सु चैंपियनशिप में हिंद के अनमोल ने जीता गोल्ड

**खटीमा :** जू जित्सु एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जू जित्सु चैंपियनशिप में अंडर 10 के 32 किग्रा भारवर्ग में हिंद पब्लिक स्कूल के अनमोल कुमार ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं अंडर 16 के 42 किग्रा भारवर्ग में ओंकार, तन्मय राणा और 46 किग्रा भारवर्ग में तरुण सिंह, अंडर 14 के 38 किग्रा भारवर्ग में देव सिंह सामंत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस पर प्रबंधक नीरज कुमार, प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य बीसी जोशी सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी।

### पुलिस ने पकड़ी यूकेलिप्टिस से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली

**खटीमा :** सत्रहमील पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिना अनुमति के यूकेलिप्टस के हरे भरे पेड़ काटकर ले जाते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। अलबत्ता पुलिस की भनक लगते ही पेड़ काटने वाले वाहन छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया है। टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, विपिन कुमार, त्रिभुवन पलड़िया आदि थे।

### दो अक्तूबर को शहीद स्थल पर होगी श्रद्धांजलि सभा

**खटीमा :** मुजफ्फरनगर कांड की बरसी दो अक्टूबर को शहीद स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी ने बताया कि दो अक्तूबर को आयोजित सभा की अध्यक्षता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैप्टन शेर सिंह दिगारी करेंगे। यह भी कहा कि सभा प्रातः 10 बजे से चलेगी। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से राज्य आंदोलनकारी अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजेंगे।

# काशीपुर में सीएम निवेदन रैली निकाली

## खनन कारोबारियों व ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में मुख्यमंत्री निवेदन रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खनन कारोबारियों व ट्रांसपोर्टरों ने मिलकर चैती चौराहा मैदान से एसडीएम कार्यालय तक मुख्यमंत्री निवेदन रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार पंकज चंदोला को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने निजी माइनिंग कंपनी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया और निजी कंपनी को हटाने की मांग की।

सोमवार को चैती मैदान में करीब 450 खनन व्यवसायी, बुग्गी स्वामी, ट्रैक्टर ट्राली स्वामी, डंपर स्वामी व अन्य लोग एकत्रित हुए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब से रायल्टी वसूलने का कार्य ई-टेंडर से प्राइवेट कंपनी को दिया गया है। तब से उनके रोजगार पर बहुत बड़ा नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके बाद यहां से उन्होंने एक मुख्यमंत्री निवेदन रैली चैती मैदान से एसडीएम कोर्ट तक निकाली। इस दौरान एसडीएम की अनुपस्थिति में उन्होंने तहसीलदार पंकज चंदोला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वे सभी खनन व्यवसायी, बुग्गी स्वामी, ट्रैक्टर ट्रॉली स्वामी, डंपर स्वामी आदि हैं। वे अपनी आजीविका चलाने तथा अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए खनन व्यवसाय से जुड़े हैं।

कहा कि जिला उधम सिंह नगर का मुख्य व्यवसाय खनन है, जिससे जिले की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जुडी हुई है। कहा कि निजी कंपनी के मनमाने दाम पर रॉयल्टी वसूलने के कारण वे परिवार की आजीविका सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे हैं और आजीविका दिन प्रतिदिन अत्यंत दयनीय होती जा रही है। उन्होंने रायल्टी वसूलने का कार्य पहले की तरह प्राइवेट कंपनी को हटाकर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कर्मचारियों और प्रशासन को दिए जाने की मांग की। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर अग्रिम आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। वहां चरनजीत सिंह, जितेंद्र सिंह जीतू, रोहित कुमार, आनंद कुमार, कुलदीप सिंह खैरा, हरदीप सिंह, अमरजीत सिंह, जसवीर सिंह, मोहित अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# भू-कानून को लेकर सीएम को ज्ञापन भेजा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश में भू-कानून तराई की जनता के अनुरूप बनाए जाने की मांग को लेकर निवर्तमान पालिका बोर्ड एवं नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

सोमवार को काफी संख्या में लोग एसडीएम दफ्तर पहुंचे और वहां मौजूद तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि प्रदेश में बनने वाले भू-कानून में तराईवासियों के हित सुरक्षित रहने चाहिए। इसे लागू करने से पहले तराईवासियों की राय, विचार-विमर्श किया जाए जिससे तराई जनता का अहित न हो, यदि भू-कानून तराई की भावनाओं के विपरीत बनाया गया तो उग्र जनांदोलन किया जाएगा। इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सिंह स्वरूप भारती, निवर्तमान सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, रामअवतार यादव, साबिर हुसैन, सुनील कुमार, रोबिन, मोहन, दानिश, कृष्ण अवतार, मुन्ना खां आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

# विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सफाई अभियान चलाया


स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहरी क्षेत्र में गुरद्वारा साहिब से लेकर बाजपुर तहसील परिसर तक विशेष सफाई अभियान चलाया।

इसकी शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो ने हरी झंडी दिखाकर की। कहा कि देशभर में 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का मकसद स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र कांडपाल, सागर सिंह, रणवीर पीटर, देव, तृषा, विदुशी, प्रज्ञा, राधिका, इश्मीत, उर्मिल, मणिकर्णिका, गुरलीन, प्रशुख, सृष्टि, अभय, अवनि, कोच मनोज राजहंस, शिक्षक राहुल कुमार, अमनदीप कौर आदि मौजूद रहे।

# पायते वाली रामलीला का शुभारंभ

- पहले दिन नारद मोह और मनु सतरूपा का हुआ मंचन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में पायते वाली रामलीला का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पायते वाली रामलीला का विधि-विधान के साथ रविवार रात विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधि-विधान से शुभारंभ किया।

रामलीला मंचन के पहले दिन नारद मोह और मनु सतरूपा का मंचन हुआ। श्री रामलीला कमेटी के प्रधान प्रबंधक महेश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई सालों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है। इसे देखने के लिए काशीपुर के आसपास के लोग आते हैं। इस बार रामलीला मंचन पद्म विभूषण से सम्मानित और पूर्व विधायक स्व. रामस्वरूप शर्मा के सुपौत्र राम बल्लभ शर्मा श्री कृष्ण लीला संस्थान वृंदावन से आए कलाकारों की टीम द्वारा किया जाएगा। इस बार विजयदशमी के पर्व पर रावण 55 फीट और मेघनाद के 50 फीट की ऊंचाई वाले पुतले बनाए जाएंगे। वहीं इस दौरान आतिशबाजी, अग्निबाण और उनके संचालन की व्यवस्था दर्शनीय होगी। इसका समापन 12 अक्टूबर दशहरे वाले दिन रावण दहन के साथ होगा। शुभारंभ के अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के अतिरिक्त वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, आनंद वैश्य, सर्वेश बाली, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, अजय टंडन, जितेंद्र सरस्वती, संजय चतुर्वेदी, आकाश गर्ग, रजत सिद्धू, आयुष शर्मा, अजय टण्डन, विजय चौधरी, पंकज टंडन, विकास अग्निहोत्री आदि रहे।

### शरदकालीन स्कूली समय 16 अक्टूबर से लागू होगा

**बाजपुर :** विद्यालयों में एक अक्टूबर से परिवर्तित होने वाला शरदकालीन स्कूली समय अब 16 अक्टूबर से लागू होगा। इस संबंध में राजकीय शिक्षक संघ के प्रयासों के चलते मुख्य शिक्षाधिकारी ने आदेश जारी किए हैं। मुख्य शिक्षाधिकारी की ओर से सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद की भौगोलिक परिस्थिति व अत्यधिक तापमान होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ को दृष्टिगत रखने के साथ ही शिक्षक संघों की मांग पर जनपदभर में कक्षा एक से 12 तक के सभी विद्यालयों का संचालन अब 15 अक्टूबर तक ग्रीष्मकाकलीन समय सारणी के अनुसार करने के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया था। जिसके चलते शरदकालीन समयसारणी के अनुसार विद्यालय 16 अक्टूबर से संचालित हो पाएंगे।

# भव्य रूप में निकलेगी शोभायात्रा

- महाराजा अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा को लेकर की चर्चा

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में बैठक के दौरान संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानपुर रोड स्थित जैन सभा में कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती पर 6 अक्टूबर को निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य रूप देने को लेकर वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

रविवार को देर शाम हुई बैठक में अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, बिश्नोई समाज के संरक्षक भीम सिंह विश्नोई, कुमारतनय वैश्य समाज के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जैन सभा अध्यक्ष योगेश कुमार जैन ने कुमायूं वैश्य महासभा द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा को हर संभव सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ अधिक संख्या में समाज के लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया।

कुमायूं वैश्य महासभा संरक्षक इंडोस्टार इंडस्ट्री चेयरमैन योगेश कुमार जिंदल ने कहा कि एकता और संगठन आज के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब तक हम आपसी मतभेद भुलाकर त्याग और साहस की भावना से संगठित नहीं होंगे, तब तक समृद्ध एवं संपन्न होते हुए भी उपेक्षित रहेंगे।

बैठक में महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, एसपी गुप्ता, महामंत्री एमपी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष जेपी अग्रवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता, शेष कुमार सितारा, बीके गुप्ता, अजय अग्रवाल, शक्ति प्रसाद अग्रवाल, नवनीत विश्नोई, योगेश विश्नोई, विकास जैन, प्रवीण जैन आदि मौजूद थे।

### महिला विद्यार्थियों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**काशीपुर, अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लॉ कॉलेज के प्रांगण में स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत कार्यक्रम के तहत संस्थान की महिला विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों की टीम के सदस्य डॉ. शगुन, डॉ. उमंग, डॉ. जुबी, डॉ. ऐश्वर्या एवं खुशबू रावल ने महिला विद्यार्थियों को कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अर्शी सिद्दीकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजली अग्रवाल, सिमरन सेठी कुकरेजा, रेनू भास्कर आदि मौजूद रहीं।

# छात्राओं को पौष्टिक आहार का महत्व बताया


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें महाविद्यालय की असि. प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी ने छात्राओं को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' के अन्तर्गत पोषण संबंधी जानकारी दी एवं कुपोषण को दूर करने के उपाय बताये। कहा कि पौष्टिक आहार से हमारी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हम बीमारियों से बचते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. रंजना मौजूद रहे।

# राशन वितरण में हो रहीं अनियमितताएं


काशीपुर में पूर्ति निरीक्षक का घेराव करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** राशन वितरण में अनियमितताओं के खिलाफ खड़कपुर देवीपुरा के लोगों ने वरिष्ठ पूर्ति निरीक्षक का घेराव किया। काशीपुर तहसील क्षेत्र में कुल 109 राशन डीलर हैं। आरोप है कि कई राशन डीलर समय से दुकानें नहीं खोलते। जिस कारण उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नहीं हो पाता। उपभोक्ताओं की यह भी शिकायत है कि कई डीलर डिजिटल तराजू के स्थान पर राशन कांटा बाट से तौल रहे हैं। तौल के लिए पत्थरों व ईंटों का भी सहारा लिया जाता है। पूर्ति निरीक्षक आशुतोष भट्ट ने राशन डीलर को फोन कर इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। वहां पर केसरी लाल, हरिओम, सुनील, मनीष कुमार, सुनीता देवी, संतोष, राजवती, रमा आदि मौजूद रहे।

### बस्ता रहित दिवस पर स्कूल में हुए कई कार्यक्रम

**शक्तिफार्म :** पीएमश्री राइं कॉलेज रुदपुर में बस्ता रहित दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जूनियर स्तर के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, पुस्तकालय रखरखाव, हारमोनियम, ढोलक आदि बजाने अभ्यास एवं खेलकूद आदि कार्यक्रम किए। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य सम्बन्धी चर्चा, वेल्डिंग कार्य की जानकारी सहित सिलाई एवं कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा स्लोगन पर स्वच्छता रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अशोक वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीसी जोशी, कौशिक कुमार, सार्थक पांडे, सरस्वती मंडल, काजल आदि मौजूद रहे।

# राजहंस को अपमानित करने के विरोध में उतरा वाल्मीकि समाज

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पेशकार को सौंपा

संवाददाता, जसपुर


जसपुर में एसडीएम के पेशकार को ज्ञापन सौंपते वाल्मीकि समाज के लोग।

**अमृत विचार :** वाल्मीकि समाज के लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में पेशकार को सौंपकर विश्व हिंदू परिषद व वाल्मीकि समाज के नेता एवं गौ रक्षा प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस को जान से मारने की धमकी एवं जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

बाजपुर निवासी वाल्मीकि समाज व विश्व हिंदू परिषद नेता एवं गौ रक्षा प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस को फोन करके रुद्रपुर निवासी सिद्धांत जोशी ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित एवं जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में कार्रवाई को लेकर वाल्मीकि नाग पंचमी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राही के नेतृत्व में आक्रोशित वाल्मीकि समाज के लोगों ने एसडीएम के पेशकार महर सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर महेंद्र सिंह राही, चौधरी ब्रजकिशोर, आनंद कुमार, विनोद कुमार, आलोक कुमार, राजन कुमार, अरविंद कुमार, संजय पवार, विपिन कुमार, कमल कुमार, आकाश कुमार, अमरदीप, यश कुमार, धीरज कुमार, संजीव कुमार, विनोद कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



सितारगंज में हर्ष रत्नाकर का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### आयोग सदस्य हर्ष रत्नाकर ने दिए निस्तारण के निर्देश

**सितारगंज :** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। कार्यालय परिसर में अधिशासी अधिकारी, नौशाद हुसैन द्वारा हर्ष रत्नाकर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की गई, इसमें सफाई कर्मचारियों (पर्यावरण मित्रों) से विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आयोग सदस्य हर्ष रत्नाकर ने उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में पालिका के कर एवं राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार अरोरा, सफाई निरीक्षक सोविन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक रविन्द्र किशोर मेहरा, हर्षिता पाण्डेय, कार्यवाहक नायक राजपाल एवं विनय कुमार उपस्थित रहे।



किच्छा में आयोग सदस्य रत्नाकर का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी।

### सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने सुनीं समस्याएं

**किच्छा :** उत्तराखंड सरकार में सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर के प्रथम बार किच्छा आगमन पर पालिका कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के सदस्यों ने आयोग सदस्य रत्नाकर को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया। नगर पालिका परिषद स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोग सदस्य हर्ष रत्नाकर का भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री नितिन चरण के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पगड़ी पहनाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर गर्म जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार एवं देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण के नेतृत्व में कर्मचारियों ने आयोग सदस्य रत्नाकर को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, मनोहर वाल्मीकि, सफाई नायक मैकिल, आकाश वाल्मीकि, शिलास दास, विमल चरन, अरुण कुमार, विवेक चरन, सचिन चरन, राजेश वाल्मीकि, अंकित कुमार, राजेंद्र कुमार, राकेश भारती, राजू, सुमित, संजय कुमार, रजनी, नीमा, सपना, बीना, शकुंतला आदि उपस्थित रहे।

# खटीमा के व्यापारी के साथ मारपीट से पनपा आक्रोश

## राइस मिलर्स ने की बैठक, आरोपी से व्यापार न करने का निर्णय लिया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** खटीमा के राइस मिलर्स के साथ रुद्रपुर के व्यापारी द्वारा अभद्रता और मारपीट के विरोध में व्यापार मंडल एवं प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग की गई। वहीं खटीमा, नानकमता और सितारगंज के व्यापारियों ने आरोपी व्यापारी से कोई व्यापार न करने का निर्णय लिया।



खटीमा में व्यापार मंडल और राइस मिलर्स की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

सितारगंज रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान परिसर में हुई बैठक में पिछले दिनों पूर्णागिरि राइस मिल स्वामी कार्तिक अग्रवाल के साथ रुद्रपुर की एक फ्लोर मिल के मालिक द्वारा दुर्व्यवहार और मारपीट की गई थी। इससे व्यापारियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। व्यापारियों ने प्रदेश राइस मिल संगठन से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में लोगों द्वारा उक्त व्यक्ति और उसकी फर्म से कोई व्यापार न करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नरेश कंसल प्रदेश अध्यक्ष, राइस मिल एसोसिएशन शुभम अग्रवाल अध्यक्ष नानकमता, संजय गोयल अध्यक्ष सितारगंज, ईश्वर बंसल अध्यक्ष खटीमा , उमेश अग्रवाल प्रदेश मंत्री राइस मिल मौजूद रहे।

## रसायन मुक्त खेती का प्रशिक्षण दिया

**सितारगंजः** केंद्रीय ग्रामीण विकास परियोजना के तहत मंजरी फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक ने 40 गांवों के किसानों को रसायन मुक्त खेती करने का प्रशिक्षण दिया।

सोमवार को ग्राम पंडरी खेड़ा में लगाए गए शिविर में करीब 200 महिला एवं पुरुष किसानों ने रसायन मुक्त खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक अमित सिंह ने बताया कि मंजरी फाउंडेशन राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित उत्तराखंड के 25 जिलों में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, कृषि और ग्रामीण विकास सहित आजीविका संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र पीलीभीत से पहुंचे डॉ. एसएस ढाका ने किसानों को रसायन मुक्त खेती करने के उपाय बताए। संचालन अवधेश कुमार सिंह ने किया। वहां प्रखर वैश्य, सरोज बड़ई, निधि पिल्लई, शारिख खान, नितेश कुमार लववंशी, जीवन हालदार आदि उपस्थित रहे।



बाजपुर के एक निजी अस्पताल का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## बाजपुर के अस्पतालों का निरीक्षण किया

**बाजपुरः** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एसपी सिंह ने टीम के साथ सोमवार को बाजपुर क्षेत्र में खुशी डायग्नोस्टिक सेंटर, राज डायग्नोस्टिक सेंटर, दीनदयाल हार्ट केयर सेंटर का पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत निरीक्षण किया। इस दौरान 3 केंद्रों में पंजीकृत चिकित्सक एवं पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत मानक सही पाए गए। नैदानिक स्थापन के अंतर्गत डा.शहजाद अहमद एमबीबीएस के क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया जिसमें बताया गया कि सीईए के अंतर्गत आवेदन किया गया है। भारत हास्पिटल बाजपुर में निरीक्षण के दौरान मौके पर कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था, जबकि एक मरीज भर्ती पाया गया। इसके अलावा मरीजों का रिकार्ड अधूरा था और आपरेशन करने वाले चिकित्सक के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। केंद्र संचालक को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में कमी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर उपजिला चिकित्सालय के प्रभारी सीएमएस डा.पीडी गुप्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व उपजिला अस्पताल में आयोजित बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानपुर पट्टी में पेयजल सहित विभिन्न मदों में 3.34 लाख रुपये खर्च कर व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया।



कार्यक्रम के शुभारंभ पर मौजूद नियंत्रक डॉ. आभा गर्खाल, डीन डॉ. अल्का गोयल ।

### प्रांजल मिस्टर और खुशी मिस फ्रेशर्स चुने गए

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में होम साइंस सोसाइटी की स्टाफ काउंसलर डॉ. शेफाली मैसी और डॉ. दिव्या सिंह के दिशा निर्देश में उशाउभव-2024 (नवागंतुक समारोह ऐक्यम) का आयोजन किया गया। जिसमें नियंत्रक डॉ. आभा गर्खाल, कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, डीएसडब्ल्यू डॉ. एएस जीना एवं डीन होम साइंस डॉ. अलका गोयल मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन और प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विवि गीत से हुआ। मुख्य आकर्षण मिस्टर एवं मिस फ्रेशर चयन के लिए कैटवॉक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के प्रांजल को मिस्टर और खुशी को मिस फ्रेशर्स चुना गया।

## नाबालिग को नेपाल ले जा रहा युवक पकड़ा

**खटीमाः** नाबालिग को बहला फुसलाकर नेपाल ले जा रहे युवक को नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों ने पकड़ लिया। नाबालिग की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

नगरपालिका क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने पुलिस सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री रविवार सुबह एडमिशन कराने के लिए घर से 10 बजे निकली और घर नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में पता चला कि उसे मोहम्मद सद्दीक निवासी निवासी वार्ड संख्या नौ उमरुखुर्द बहला- फुसलाकर नेपाल ले जा रहा था जिसे नेपाल बार्डर पर एसएसबी ने पकड़ लिया।

# हृदय रोग से बचने को दिनचर्या ठीक करें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जनपद स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने किया। इस दौरान प्रतिभागियों को हृदय रोग के प्रकार, कारण एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा ने कहा कि समुदाय में हृदय रोगों की व्यापकता एवं हृदय रोगों के कारण हो रही मौतों के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए अधिक जोर दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के फिजिशियन डॉ. रोनित ठुकराल ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से हृदय रोग के प्रकार, कारण एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केके अग्रवाल ने सरकार द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर सीएचओ द्वारा रक्त चाप, रक्तशर्करा की निःशुल्क जांच के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक संजय पांडेय, डॉ.डीपी सिंह, डॉ.सुधा, हिमांशु मुश्युनी, उमेश पाल, चांद मियां मौजूद रहे।




गोष्ठी में जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा।

## धर्म दर्शन

### शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

### महादेवी मां दुर्गाः शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

## वर्ग पहेली-208

**बाएं से दाएं**

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**


1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली




### वर्ग पहेली -207 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ज | ■ | 2 दु | कू | ल |
| ■ | मो | ■ | वि | ■ | ■ |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ही | ■ | ■ |
| ■ | 4 ल | ख | न | 5 वी | ■ |
| ■ | ड़ | ■ | ■ | थी | ■ |
| 6 वि | ना | य | क | ■ | ■ |

## सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 7 | | 2 | 5 |
| 4 | | 2 | | 3 | | | | |
| 6 | | 5 | | | 2 | 1 | | 7 |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | 1 | 8 | | | |
| 5 | | 1 | 9 | | | 7 | | 3 |
| | | | | 5 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 2 | 6 | | | | |

### सुडोकू - 120 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

**वृष:** आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कर्क:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

**सिंह:** आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**तुला:** आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

**धनु:** आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर:** आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

**कुंभ:** आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

**मीन:** आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जय लव कुश — सुबह : 09.15
राम लखन — रात : 07.11

**SONY MAX**
मिशन कश्मीर — सुबह : 11.00
एन एक्शन हीरो — रात : 09.00

**SONY PIX**
रैमपेज — दोपहर : 12.01
एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
खूंखार — सुबह : 11.06
सिरीवेन्नेला — शाम : 05.44

**ZEE ACTION**
वर्दी — सुबह : 11.24
गुमराह — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को अग्नि सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**अल्मोड़ा :** फायर स्टेशन की तरफ से नगर के नरसिंह बाड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को संचालन करने की जानकारी दी। यहां लीडिंग फायरमैन किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जैड़ा का निधन

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा के पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह जैड़ा का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार को उनकी विश्वनाथ श्मशानघाट में अंत्येष्टि की गई। उनके निधन पर अधिवक्ताओं समेत तमाम लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं, अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। जैड़ा के निधन पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश परिहार, कवीन्द्र पंत, भावना जोशी, पूरन सिंह कैड़ा, केवल सती, पीसी तिवारी, कुंदन भंडारी, जगत सिंह रौतेला, गोधन सिंह बिष्ट, माधव जीना, डीके जोशी आदि ने शोक जताया।

### दशहरा समिति ने की एसडीएम से मुलाकात

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। सोमवार को समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम जयवर्धन शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा की गइ। एसडीएम जयवर्धन शर्मा ने कहा कि समिति के पदाधिकारियों के साथ जिला प्रशासन की बैठक होनी है। जिसमें दशहरा महोत्सव को लेकर रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में समिति अध्यक्ष अजीत कार्की, मुख्य संयोजक किशन लाल, वैभव पांडे, हरीश कनवाल, मनोज सनवाल रहे।

### बोरागोठ गांव के सचिन ने वॉक रेस में जीता स्वर्ण पदक



पटना में पदक के साथ सचिन बोहरा ( बीच में )।

**टनकपुर :** 28 से 30 सितंबर तक पटना में आयोजित चतुर्थ इंडियन ओपन चैम्पियनशिप 20 किलोमीटर वॉक रेस प्रतियोगिता में टनकपुर से लगे गांव बोरागोठ के सचिन बोहरा ने स्वर्ण पदक जीता है। सचिन वर्तमान में भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट में पुणे में सेवारत हैं। इससे पूर्व भी सचिन कई प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर के अलावा कई पदक हासिल कर चुके हैं। गांव बोरागोठ निवासी हिम्मत सिंह बोहरा के पुत्र सचिन बोहरा को पंकज कुमार, संजय पाठक, पुष्कर बोहरा, भगत बोहरा, नारायण अधिकारी, केदार अधिकारी, प्रताप मेहरा, योगेश धौनी, विपिन पाण्डेय आदि ने बधाई दी है।


गुरुड़ाबाज में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ी मेडल के साथ।

### 3000 मीटर की दौड़ में सुनीता ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा :** गुरुड़ाबाज में ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हो गई है। सोमवार को बालिकाओं की अलग-अलग आयु वर्ग में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 3000 मीटर की दौड़ में सुनीता, गोला क्षेपण और चक्का फेक में नितिका टम्टा ने बाजी मारी। तहसील खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य त्रिवेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी खेल के क्षेत्र में अपना करियर बना रहे हैं। उन्होंने सभी से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इसके बाद प्रतियोगिता के तीन हजार मीटर दौड़ में सुनीता, 600 मीटर में रिंकी, गोला क्षेपण में नितिका, ऊंची कूद में हेमा बिनवाल, लंबी कूद में तनुजा जीना ने बाजी मारी। विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। यहां खेल समन्वयक राजेंद्र नयाल, प्रधानाध्यापक बसंत कुमार भट्ट, पूनम बिष्ट, नितेश कांडपाल आदि रहे।

### पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी पखवाड़ा संपन्न

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में हिंदी पखवाड़े का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। हिन्दी पखवाड़े के दौरान पावर स्टेशन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अधिकारियों व करमचारियों के लिए आयोजित हिन्दी नोटिंग, ड्राफ्टिंग और प्रश्नोत्तरी व शब्दावली वाक्यांश प्रतियोगिता में किशन सिंह ज्याला, शब्दावली और हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता में विजय कुमार सिंह प्रथम रहे। हिन्दी कार्यशाला प्रतियोगिता में ललित कुमार व प्रयोगात्मक हिन्दी कार्यशाला प्रतियोगिता में रमेश प्रताप सिंह प्रथम रहे। पावर स्टेशन के कर्मचारियों की गृहणियों के लिए आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में संगीता व्यास प्रथम, मोनिका पुरुषार्थी द्वितीय और नीतू ध्रुव तृतीय स्थान पर रहीं। छात्रों की भाषण प्रतियोगिता में आरोही सिंघल प्रथम, नेहाल द्वितीय और पूर्णिका दूबे तृतीय रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते देवभूमि वाहन संचालन समिति के पदाधिकारी।

### भारतीय टैक्सियों को सवारी न भरने देने का आरोप

**बनबसा :** देवभूमि वाहन संचालन समिति ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नेपाल बस समिति पर नेपाल से भारतीय टैक्सी वाहनों को सवारियां नहीं भरने देने का आरोप लगाया। देवभूमि वाहन संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उपजिलाधिकारी आकाश जोशी को दिए ज्ञापन में कहा कि नेपाल महाकाली व पवनदूत बस समिति द्वारा बनबसा से महेन्द्रनगर नेपाल जाने वाले टैक्सी वाहनों को वहां से बुकिंग की सवारियां नहीं लाने देने तथा नेपाल प्रशासन द्वारा टैक्सी चालकों के साथ दुर्व्यवहार करने की बात कही है। कहा कि महेन्द्रनगर में नेपाल प्रशासन द्वारा भारतीय टैक्सी वाहनों के बिना कारण चालान काटे जा रहे हैं। कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर समिति उग्र आन्दोलनकरेगी। ज्ञापन देने वालों में देवभूमि वाहन संचालन समिति के अध्यक्ष रफी अंसारी, महासचिव सोहन रौतेला आदि रहे।

### प्लास्टिक निस्ताकरण को निकाली जागरूकता रैली

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान एनएसएस के स्वयं सेवियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर लोगों को जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने पॉलीथिन भी एकत्र कर सिंगल यूज के दुष्प्रभाव बताए। कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां समन्वयक डॉ. देवेंद्र सिंह धामी, डॉ. प्रेमा खाती, नेहरू युवा केंद्र अल्मोड़ा से आयुषी बिष्ट, सीनियर वालिंटियर राहुल जोशी, सुरेंद्र सिंह धामी, नेहा पांडे, उदिता पंत, कात्यायनी भाकुनी, हरिप्रिया बिष्ट, प्रांजल कुंजवाल, पंकज सिंह पाना रहे।

### नगर में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

**टनकपुर :** नगर पालिका परिषद टनकपुर द्वारा 17 सितंबर से लगातार "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में जन सहभागिता द्वारा "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत एसडीएम व नगर पालिका परिषद के प्रशासक आकाश जोशी एवं अधिशासी अधिकारी भूपेन्द्र प्रकाश जोशी के दिशा-निर्देश पर नगर क्षेत्र के वार्ड नं0 2 एवं 3 के अंतर्गत प्रत्येक छोटी व बड़ी गलियों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# पुनर्निर्माण कार्यों का करें निरीक्षण

## कुमाऊं आयुक्त ने मानसून काल में हुए नुकसान की जानकारी ली, अफसरों को दिए निर्देश

संवाददाता, टनकपुर


चम्पावत में अधिकारियों की बैठक लेते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने चम्पावत सर्किट हाउस में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर मानसून काल में हुई क्षति एवं नुकसान के साथ ही राहत व पुनर्निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की खेती और औद्यानिकी आदि का नुकसान हुआ है उन्हें भी तत्काल मदद कर क्षतिपूर्ति करें ताकि उनकी आजीविका पूर्व की भांति चलती रहे।

उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं गांव-गांव जाकर पुनर्निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करें तथा जिन योजनाओं में अधिक धनराशि व्यय होनी है उनका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन व विभाग को भेजें। आयुक्त ने कहा कि विभागों ने आपदा के दौरान बेहतर कार्य कर सड़क यातायात, पेयजल, विद्युत व्यवस्था को सुचारु किया। अब इन कार्यों की स्थाई मरम्मत के कार्यों में तेजी लाएं। इसके लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग के प्रस्ताव शासन को डीएम के माध्यम से भेजे जाएं। आयुक्त ने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियां विशेष रूप से देखें की सड़क में यातायात सुव्यवस्थित हो। किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए रोड सेफ्टी के कार्यों के मद्देनजर कार्य कराएं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अधिक नुकसान हुआ है उन सड़क मार्ग में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा से पेयजल विभाग को हुए नुकसान व रिस्टोर्वेशन कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

डीएम नवनीत पांडेय ने मानसून काल में क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के नुकसान के अतिरिक्त आपदा के दौरान तात्कालिक तौर पर कराये गए बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने लोहाघाट तहसील के दूरस्थ क्षेत्र में रौसाल, मटेला मटियानी, पंचेश्वर आदि क्षेत्र में हुई क्षति तथा राहत कार्यों की जानकारी दी। डीएम ने बताया कि जिले में 3419 परिसंपत्तियों को 16395.022 लाख का नुकसान होने का आंकलन किया गया है। बैठक में मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा राजेंद्र सिंह, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने खाद्य सुरक्षा अभिहित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# जांच के नाम पर व्यापारियों को परेशान करने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

- देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग पर त्योहारी सीजन में जांच के नाम पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। मामले को लेकर सोमवार को व्यापारियों ने अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा को ज्ञापन सौंपा। जांच के नाम पर जबरन व्यापारियों को परेशान करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि आगामी त्योहारों को लेकर विभाग नकली खोया और पनीर के नाम पर व्यापारियों को परेशान कर रहा है जबकि नकली सामग्री का एक भी मामला पकड़ में नहीं आया है। चेतावनी दी कि जबरन जांच के नाम पर परेशान किया गया तो समस्त व्यापारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, प्रमोद पवार, सुधीर गुप्ता, कमल बिष्ट, हिमांशु, हर्ष साह, हिमांशु बिष्ट, दिनेश कांडपाल, रोहित साह, मनु गुप्ता, अमन टकवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# पोषाहार का काम छीनने का विरोध

- महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राज्य सरकार की इस नीति को बताया महिला सशक्तिकरण के खिलाफ

संवाददाता, रानीखेत


रानीखेत में प्रेस वार्ता में महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता पवार व अन्य।

**अमृत विचार:** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गीता पवार ने राज्य में पोषाहार राशन योजना के तहत वितरित किए जाने वाले राशन को अब भारत सरकार के स्वामित्व वाले संस्थान एनसीसीएफ के माध्यम से वितरित करने की योजना का विरोध किया है।

साथ ही इसके खिलाफ राज्यभर में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। यहां प्रेस वार्ता में पवार ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में संचालित लगभग 10 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा वर्ष 2013 से राज्य के महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधीन आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण कराने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना से प्रदेशभर के लगभग 9 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। टीएचआर योजना से 2 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। कहा कि पूर्व में कांग्रेस द्वारा टेकहोम राशन की टेंडर प्रक्रिया का विरोध करने पर उच्च न्यायालय ने टेक होम राशन की टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। नवम्बर 2022 में राज्य सरकार ने इस योजना को यह कहते हुए बंद कर दिया कि भारत सरकार के आदेशों का पालन किया गया है। अब एक बार फिर से राज्य सरकार ने बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाते हुए 250 करोड़ का ठेका भारत सरकार की एजेंसी एनसीसीएफ को देने के लिए मंत्रिमण्डल में प्रस्ताव पास करने की योजना बनाई है। कहा कि महिला कांग्रेस सरकार की इस महिला विरोधी नीति के विरोध में पूरे राज्य में आन्दोलन करेगी।

# भगवान शिव पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने पर आक्रोश

- टनकपुर व बनबसा में सड़कों पर उतरे हिंदू संगठनों के लोग
- पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर में प्रदर्शन करते हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंटरनेट मीडिया में भगवान शिव की आपत्तिजनक फोटो डाल कर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने व भावनाओं को आहत करने पर टनकपुर व बनबसा में हिन्दूवादी संगठनों ने जबर्दस्त विरोध किया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

सोमवार को वीडियो वायरल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष निर्मल थ्वाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बनबसा में विरोध प्रदर्शन किया। बाद में टनकपुर तहसील में ज्ञापन देकर फोटो वायरल करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। टनकपुर में सौरभ कलखुड़िया के नेतृत्व में लोगों ने नगर में नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि फोटो फेसबुक आईडी पर पोस्ट की गई। आरोपी दूसरे धर्म से है। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि नई बस्ती वार्ड नंबर पांच निवासी मुकीम खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


टनकपुर महाविद्यालय में आपस में भिड़ते छात्र। ● अमृत विचार

# डिग्री कॉलेज में छात्रों के गुट भिड़े, पहुंची पुलिस

संवाददाता, टनकपुर

- कॉलेज में बाहरी लोगों के प्रवेश पर लगाई गई रोक

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में सोमवार को छात्र गुट आपस में भिड़ गये। ऐसे में पुलिस बुलानी पड़ी। छात्रों का एक गुट कालेज में बाहर से आने वालों को बाहर करने की मांग करते हुए प्राचार्य कक्ष में घुस गया।

हंगामा देख चुनाव प्रभारी डॉ. पंकज उप्रेती व मुख्य शास्ता डॉ. अब्दुल शाहिद ने समझाकर उन्हें कक्ष से बाहर किया। इसके बाद छात्राएं भी आपस में भिड़ गईं। जिन्हें पुलिस की मदद से हटाया गया। कॉलेज के चुनाव प्रभारी डॉ. पंकज उप्रेती ने कहा कि कॉलेज में अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने कहा कि अभी छात्रसंघ चुनाव की तिथि तय नहीं है। छात्र शिक्षा का माहौल और अनुशासन बनाए रखें। इधर कॉलेज में हंगामे के बाद शास्ता मंडल की बैठक में नोटिस बोर्ड पर बाहरी लोगों को कालेज न आने का नोटिस चस्पा किया गया। जिसमें प्राचार्य की ओर से कहा गया है कि महाविद्यालय में सिर्फ संस्थागत के छात्र-छात्राएं ही प्रवेश करेंगे। बाहरी लोगों के आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्थानीय प्रशासन के सहयोग से रेलवे ने हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, टनकपुर

- तहसील प्रशासन व पुलिस के साथ रेलवे ने की बैठक मांगा सहयोग

**अमृत विचार :** रेलवे ने सोमवार को फिर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इससे पूर्व तहसील प्रशासन, पुलिस व रेलवे के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद रेलवे ने स्थानीय प्रशासन व पुलिस की देखरेख में पूर्व में चिन्हित किए गए अतिक्रमण हो हटाना शुरू किया।

रेलवे के अनुसार रेलवे स्टेशन से वर्मा लाइन से लगे मार्ग के किनारे तक बनी हुई दर्जनों झोपड़ियों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी थी। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि अमृत योजना के तहत रेलवे परिसर में विकास कार्य के लिए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इससे पूर्व भी रेलवे विभाग ने वर्मा लाइन से मनिहारगोठ वाले मार्ग में करीब दो दर्जन से अधिक कच्चे झालों को हटाया जा चुका है।

## उत्तर प्रदेश

# लाखों का सोना लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ थाना मुगलपुरा में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के पिता-पुत्र महानगर के तीन सर्राफा कारोबारियों का लाखों रुपये का सोना लेकर फरार हो गए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उनकी तलाश करना शुरू कर दी है।

थाना मुगलपुरा क्षेत्र के गुजराती मोहल्ला निवासी विपुल रस्तोगी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पश्चिम बंगाल के शक्तिगढ़ कोलकाता निवासी संजय कर्मकार बीते लगभग 17 साल से अपने बेटे सुप्रात कर्मकार और पत्नी सुजाता के साथ मुरादाबाद में रहकर आभूषण बनाने का काम करता था। बीते दो साल से वह महानगर के गुजराती मोहल्ले में किराये पर रह रहा था। विपुल के अनुसार वह और उनके पिता भी संजय से ही पुराने आभूषणों को देकर नया बनवाते थे। 11 सितंबर को उन्होंने संजय और उसके बेटे सुप्रात को 60 ग्राम सोना दिया और नमूने के लिए 15 ग्राम का एक कंगन दिया। उसने पुराने जेवर को गलाने के बाद 42 ग्राम सोने के कंगन 17 सितंबर को देने की बात कही थी, लेकिन 17 सितंबर को जब विपुल उसके घर पुहंचे तो बेटे की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए दो-चार दिन में कंगन देने को कहा। इसके अलावा 12 सितंबर को विपुल के ही साथी मुगलपुरा के मोहल्ला कानून गोयान निवासी अरविंद कुमार रस्तोगी ने भी 87.600 ग्राम वजन 22 कैरेट सोने का दिया। वह सोना अरविंद के ग्राहक का था। गलाने के बाद 80.241 ग्राम नए सोने के जेवर देने की बात तय हुई। 19 सितंबर को मंडी चौक निवासी सर्राफा व्यापारी अतुल कुमार रस्तोगी से भी 40.500 ग्राम वजन की चार पुरानी सोने चूड़ियां संजय और उसका बेटा सुप्रात ले गए। जिसे गलाकर 32 ग्राम वजन में चार नई चूड़ियां बनानी थी। लेकिन, सारा सोना ले जाने के बाद पिता-पुत्र ने उसके गहने बनाकर नहीं दिए। विपुल रस्तोगी के अनुसार 21 सितंबर को जब वह अपने साथियों के साथ गुजराती मोहल्ले में संजय के किराये वाले मकान पर गए तो वहां ताला लगा मिला। पिता-पुत्र दोनों का मोबाइल भी बंद मिला। तीनों ने सर्राफा व्यापारियों ने तीन-चार दिन तक इंतजार किया। उन्हें लगा कि हो सकता है कि किसी परेशानी के कारण पिता-पुत्र कहीं चले गए हैं। बाद में पुलिस को तहरीर दी। मुगलपुरा थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी संजय कर्मकार और उसके बेटे सुप्रात कर्मकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**सैफनी (रामपुर), अमृत विचार :** इंवर्टर का तार बिजली के बोर्ड में लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के बिचपुरी लाल गांव निवासी 26 वर्षीय जितेंद्र यादव रविवार की शाम घर में इन्वर्टर का तार बिजली के बोर्ड में लगा रहा था। इस दौरान अचानक बिजली आने से वह करंट की चपेट में आ गया। जानकारी होते ही परिजनों ने घर की लाइन काट दी। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही जितेंद्र यादव ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को घर ले गए और सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया। जितेंद्र आनाज खरीदने-बेचने का कार्य करता था।

### दो सगी बहनें प्रेमियों के घर पहुंचीं

**रामपुर/ढकिया, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते दो सगी बहनें ढकिया के गांव निवासी दो युवकों के घर पहुंच गईं। युवकों के परिजनों ने उन्हें घर में रखने से मना कर दिया। पुलिस सभी को थाने ले गई। वहां वार्ता चल रही है। ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी दो युवक काफी समय से दिल्ली में काम करते थे। फर्रुखाबाद निवासी एक परिवार भी दिल्ली में काम करता है। इस दौरान फर्रुखाबाद निवासी शादीशुदा बहनें ढकिया निवासी युवकों के संपर्क में आ गईं और उनके बीच प्यार हो गया। इस बीच दोनों युवक अपने घर आ गए। सोमवार की शाम दोनों बहनें युवकों के घर पहुंच गईं और उनके घर में रहने की जिद पर अड़ गईं। मगर युवकों के परिजनों ने उन्हें रखने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने हंगामा कर दिया।

# दो बच्चियों से दुष्कर्म में तीन दोषियों को उम्रकैद

संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2017 में मदनापुर क्षेत्र के एक गांव में हुई थी घटना

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट अपर्णा त्रिपाठी ने दो अनुसूचित जाति की नाबालिग बालिकाओं को घायल कर गैंगरेप के एक मामले में तीन अभियुक्तों को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा और 50,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजनं पक्ष के कथानक के अनुसार मदनापुर क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने थाना मदनापुर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर 2017 की रात 9 बजे उसकी दो नाबालिग पुत्रियां शौच के लिए गई थीं, जहां रास्ते में तीन लोगों ने तमंचों के बल पर उन्हें अगवा कर लिया और दिनेश के खेत में खड़े बाजरा में ले गए। जहां बेटियों को मारापीटा व तमंचा की नाल सिर पर मार दी, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोपियों ने बारी बारी से दोनों के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने बताया कि गांव के रतिपाल सिंह के यहां तीनों आरोपियों का आना जाना था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय भेजा। साक्ष्य का परिसीलन कर न्यायालय ने जितेंद्र, शिवम व बंटू को दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा और 50, 000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### प्रॉपर्टी डीलर की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार :** औद्योगिक नगरी में सोमवार सुबह पुलिस चौकी से 200 मीटर दूर प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी विक्रम सिंह (50) 10 वर्ष से गजरौला शहर के मोहल्ला मायापुरी में अपने मकान में रहते थे। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। बिजनौर जिले में शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव उमरा कलां निवासी अर्जुन उनके मकान में किराये पर रहता था। परिजनों ने बताया कि अर्जुन पांच माह से कमरे का किराया नहीं दे रहा था। रविवार शाम किराये को लेकर कहासुनी हो गई थी। सोमवार सुबह एफसीआई गोदाम के पास अर्जुन ने विक्रम को गोली मार दी।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2475, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 2030, जय जवान 1960, सचिन 2060, सूरज 1985, अवसर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2155, चक्र टिन 2245, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2320, स्वास्तिक 2445 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल –(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी– डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

# बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

## पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर


- निफ्टी ने भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।


### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी



नई दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...




### अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

### निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें :** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात :** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जोरोधा।




### उच्च जोखिम

**अस्थिरता :** ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
**अनिश्चितता :** ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
**उच्च रिटर्न की उम्मीद :** ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

### उपाय

**विविधीकरण :** निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
प्रबंधन : जोखिम को प्रबंधित करने को रणनीतियों का उपयोग करें।
शिक्षा और अनुभव : निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5800 मसूरी– 5300 बासमती– 9300परमल– 3800

दाल दलहन : काला चना– 8800 साबुत चना दाल– 9400 मूंग साबुत– 10700 राजमा– 13200–16500 दाल उड़द– 10600 साबुत मसूर दाल– 7600 मसूर दाल– 9250 उड़द साबुत– 10800 काबुली चना– 13700–16400 अरहर दाल– 16100 लोबिया/करमानी– 8650 सोयाबीन– 5300 मूंगफली– 11800 मटर (सूखी)– 5950 मक्का– 3950

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 913 (अनुमानित) |

# लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में सरकार ने नहीं किया कोई बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर, 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1% रहेगी। वहीं पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना के लिए ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% पर बनी रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा। सरकार डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित इन योजनाओं के लिए हर तिमाही में ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

## आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

# चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

### प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल–अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### कई राज्यों से 26 ठगों को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। सीबीआई ने लोगों को ठगने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऑपरेशन चक्र–3 के तहत पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग–अलग जगहों पर छापेमारी हुई। एजेंसी ने 58.45 लाख नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर – पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकंफॉर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।


### नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

नोएडा (उप्र)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तम ने बताया कि रविवार रात को वह मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के साथ नोएडा आए थे तथा दिल्ली लौट रहे थे। कार हिमांशु चला रहा था, तभी सेक्टर–11 स्थित एच ब्लॉक में ट्रैक्टर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

## जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक [ि] जहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

### गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन–कौन से कार्यों से जीवन–यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

# भाजपा की उद्योगपति समर्थक नीतियों की राहुल गांधी ने की आलोचना

चंडीगढ़, एजेंसी



- कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला जिले के नारायणगढ़ में रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा तथा उनकी विचारधाराओं के बीच है। एक तरफ न्याय और दूसरी तरफ अन्याय है। रैली के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा भी उपस्थित रहे। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।

### संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

# दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

## आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

# ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।



यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।

## सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

**नई दिल्ली।** ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामजद किया है।

# हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

शिमला, एजेंसी

**हिमाचल मस्जिद विवाद**

- मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

## अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

**अहमदाबाद।** गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि किस तरह उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर धोखाधड़ी हुई।

घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने 2.1 किलो सोने के बदले ठक्कर के कर्मचारियों को नकली नोट थमाए, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास आभूषण की दुकान के मालिक और परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल ने 2.1 किलो सोना खरीदने की बात कही, जिसके लिए 1.60 करोड़ की रकम तय हुई। ठक्कर को अंदाजा नहीं था कि वह ठगी का शिकार होने वाले हैं।

# चुनावी बॉण्ड मामले में सीतारमण व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका पर दिया अंतरिम आदेश

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद हो चुकी है।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कटील की उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## दरभंगा, सीतामढ़ी में तटबंधों में दरार से बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

- एनडीआरएफ की छह टीमें और बुलाई गईं

**पटना।** बिहार के दरभंगा में कोसी नदी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंधों में नई दरारें आने के बाद सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। अधिकारियों के अनुसार, कल रात उफनती कोसी नदी ने किरतपुर प्रखंड के पास तटबंध तोड़ दिये, जिससे किरतपुर और घनश्यामपुर प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं। विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। जल संसाधन विभाग और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं और चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। तटबंधों में दरार की छह घटनाएं सामने आई हैं। मदद को उप्र के वाराणसी व झारखंड के रांची से एनडीआरएफ की छह अतिरिक्त टीमें बुलाई गई हैं।

# मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

## चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

**कानपुर।** भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।



बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा।

### विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।

- ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात



**9** विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

<< 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

### 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

**कानपुर।** रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10** — 74.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 0 | 24 | 0/0 |
| शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17/1 |
| नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2/0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3/0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 9 | 17 | 2/0 |
| मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4/0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 1 | 4 | 0/0 |
| खालिद अहमद का और बो जडेजा | 0 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

**भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)** — 34.4 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12/2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1/3 |
| शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4/1 |
| ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब | 9 | 11 | 0/0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35/4/1 | |
| केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43/7/2 | |
| रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 8 | 13 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 1 | 4 | 0/0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन | 12 | 5 | 0/2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2** — 11 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 7 | 40 | 1/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला में 3-2 से हराया

**ब्रिस्टल।** बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। श्रृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।

### खेल पत्रकारों का सम्मान करेगा डीएसजेए

**नई दिल्ली।** दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के.दत्ता और सी.एस. रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का एक सहयोगी है जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### रेलवे ने आईओसी को हराकर गोल्ड कप जीता

**चेन्नई।** गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

### निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश : 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश : तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया।

# एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।



# पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।



- उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं

### पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल

### काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती, उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।



### आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।



### ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी बेहतरीन : लक्ष्मण

**बेंगलुरू।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी-20 महिला विश्व कप से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलैंस में लगाए गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में चुनिंदा पत्रकारों से कहा उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग अलग तरह की चुनौतियां दी। भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं

केप केनवरल (अमेरिका)



अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57 .2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।



## गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57 .2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

## आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

## एक नजर

### भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

### बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

### ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

**ताइपे।** तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

### कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

# हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

## नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।



लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

### इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

**यरूशलम।** लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

### नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

### यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

काठमांडू, एजेंसी

- 30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।



बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

## जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

**टोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

# डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।



## ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

**लंदन।** ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

# दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

ढाका, एजेंसी

- कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की
- हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

### परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

## कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।



# इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

इस्लामाबाद, एजेंसी

- रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।



## 17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।


खगोल विज्ञान — कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

# आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।



यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

### नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

**नैनीताल :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुनः नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।